जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 260 प्रभात चूरू, गुरुवार 16 जनवरी, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.


# 'मेरी लड़ाई अंततोगत्वा इंडियन स्टेट के खिलाफ है'

## राहुल गांधी ने इसका कारण बताते हुए कहा कि भाजपा-आरएसएस ने सरकार के सभी अंगों पर नियंत्रण कर लिया है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जनवरी। आज सुबह सोनिया गांधी ने वरिष्ठ पार्टी नेताओं, सीडब्ल्यूसी सदस्यों तथा अन्य पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी में कांग्रेस के नये मुख्यालय का उद्घाटन किया।

लेकिन इस अवसर पर, कांग्रेस को "कवर" करने वाले मीडिया को आमंत्रित नहीं किया गया तथा जिन लोगों को उनके चैनलों ने लाइव कवरेज के लिए भेजा था, उन्हें बाहर ही रोक दिया गया, गेट के अंदर नहीं आने दिया गया।

गौरतलब बात यह है कि इस समारोह में पार्टी कार्यकर्ता तक आमंत्रित नहीं किये गये तथा वे भी कांग्रेस पार्टी इस नये मुख्यालय, इंदिरा भवन के बाहर ही रोक दिये गये।

राहुल गांधी ने अपने भाषण में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर कड़ा प्रहार किया, लेकिन जब वे अपने भाषण में भाजपा, आरएसएस तथा इंडियन स्टेट से लड़ने की बात कर रहे थे, उस समय खुद ही संकट में फँस गये।

- कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर दिए गए भाषण में राहुल ने भागवत और भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि उनकी लड़ाई भाजपा और आरएसएस के तौर-तरीकों के खिलाफ है, जिस तरह से उन्होंने सरकार के विभिन्न अंगों पर कब्जा कर लिया है। एक तरह से उनकी लड़ाई "इंडियन स्टेट" के खिलाफ है।
- राहुल गांधी ने यह टिप्पणी मोहन भागवत के इस बयान पर की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत 1947 में आज़ाद नहीं हुआ, बल्कि उस दिन हुआ जिस दिन राम मंदिर का निर्माण हुआ।

उन्होंने अपने भाषण में कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि भारत 1947 में आज़ाद नहीं हुआ था, बल्कि उस दिन आज़ाद हुआ, जिस दिन अयोध्या में राम मंदिर बना।

राहुल ने कहा कि भागवत मूलरूप से आज़ादी की लड़ाई, संविधान द्वारा कानून के शासन तथा इस तथ्य को नकार रहे हैं कि लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजों से लड़ने तथा उन्हें देश से भगाने के लिये अपना जीवन कुर्बान नहीं किया।

इस बारे में बोलते हुये, राहुल ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जैसलमेर में कुरजा पक्षियों में बर्ड फ्लू मिला

जैसलमेर, 15 जनवरी (नि.सं.)। जैसलमेर में पिछले दिनों मृत मिले कुरजां पक्षियों (डेमोइसेल क्रेन) की मौत बर्ड फ्लू से हुई है। भोपाल लैब से बुधवार को आई जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट में कुरजा पक्षियों की मौत का कारण बर्ड फ्लू बताया गया है। लैब से आई रिपोर्ट के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

जैसलमेर जिला प्रशासन ने देगराय ओरण इलाके के लुणेरी तालाब क्षेत्र को इंफेक्टेड हॉटस्पॉट एरिया घोषित कर दिया है। संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। पशुपालन विभाग, वन विभाग और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मिलाकर एक संयुक्त टीम बनाई गई है। टीम हॉटस्पॉट एरिया में गश्त और निगरानी का काम कर रही है। इसके साथ ही, प्रवासी पक्षियों के झुंड पर भी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा, संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए क्षेत्र में केमिकल का छिड़काव किया जाएगा।

- जिला प्रशासन ने देगराय ओरण इलाके के लूणेरी तालाब क्षेत्र को इंफैक्टेड हॉटस्पॉट घोषित किया।

गौरतलब है कि जैसलमेर के देगराय ओरण इलाके के तालाब क्षेत्र में 11 जनवरी को 6 कुरजा पक्षियों के शव मिले थे। इसके बाद 12 जनवरी को 2 कुरजा पक्षी मृत मिले थे। सभी 8 मृत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'गांधी का बयान सबूत है कि उनके शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट से निकट संबंध हैं'

## भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि राहुल भी शहरी नक्सलियों व डीप स्टेट की तरह भारत को बदनाम करना चाहते हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जनवरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बर्र के छत्ते को छेड़ दिया है उन्होंने आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत की आलोचना कर विवाद खड़ा कर दिया है। भागवत ने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को भारत की वास्तविक आज़ादी के दिन के रुप में मनाया जाना चाहिए।

इंदिरा गांधी भवन के उद्घाटन के समय राहुल गांधी ने कहा कि भागवत की टिप्पणी देशद्रोह के समान है किसी और देश में होते तो उन्हें गिरफ्तार किया जाता और उन पर मुकदमा चलता।

कांग्रेस नेता के संघ प्रमुख पर हमले पर भाजपा के उन पर जवाबी हमला किया इस पर विपक्षी दल के कांग्रेस से भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, कांग्रेस का गंदा सच उनके नेता ने ही उजागर कर दिया। नड्डा ने एक्स पर लिखा, "मैं राहुल गांधी की सराहना करता हूँ कि उन्होंने खुद ही यह बात साफ-साफ कह दी जो पूरा देश जानता है, वे भारत सरकार से ही लड़ रहे हैं। अब यह किसी से छिपा नहीं है कि गांधी और उनके इकोसिस्टम शहरी नक्सलियों व "डीप स्टेट" से निकट संबंध है जो भारत को बदनाम करना चाहते हैं, भारत की छवि खराब करना चाहते हैं।

- नड्डा ने एक्स पर कहा कि यह ही है कांग्रेस का घिनौना सच, जो उनके नेता राहुल ने उजागर किया है कि वे "इंडियन स्टेट" से लड़ रहे हैं। इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूँ।
- अमित मालविय ने कहा कि राहुल ने अब इंडियन स्टेट के खिलाफ खुला युद्ध छेड़ दिया है, यह जॉर्ज सोरोस का असर है।
- कांग्रेस भी जवाब देने में पीछे नहीं रही और पार्टी के मीडिया सैल के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, देश को अंग्रेजों से आज़ादी दिलाने वाली गांधी की विचारधारा को सड़ा हुआ बताने वालों की अपनी विचारधारा सड़ चुकी है।

कांग्रेस ने बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा द्वारा की गई राहुल की आलोचना पर पलटवार किया और कहा कि "रॉटन सीक्रेट सोसायटी" का टाइम खत्म हो गया है।

राहुल के बयान, "अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं, पर बवाल मच गया है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का गंदा सच उनकी पार्टी के नेता ने ही उजागर कर दिया है।

नड्डा पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के मीडिया प्रकोष्ठ के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, आपसे ज्यादा सड़ा हुआ कुछ नहीं है गांधी की विचारधारा, जिसने देश को ब्रिटिशराज से आज़ादी दिलाई, को आप सड़ा हुआ कहते हैं। अब रॉटन सीक्रेट सोसायटी का टाइम खत्म हो गया है।

भाजपा की आईटी शाखा के मुखिया अमित मालविया ने कहा, राहुल गांधी ने अब "इंडियन स्टेट" से लड़ाई छेड़ दी है। यह जॉर्ज सारॉकी की किताब से लिया गया सबक हैं।

भागवत ने मंगलवार रात इंदौर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को नैशनल देवी अहिल्या अवॉड दिया था, उसी समारोह में भाषण देते हुए भागवत ने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण दिवस को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मार्क ज़ुकरबर्ग के माफी मांगने के बाद भी यह मुद्दा संसद में उठाना कोई महत्व नहीं रखता

## बल्कि ऐसा करके संसदीय समिति ने मार्क ज़ुकरबर्ग को बेवजह "पब्लिसिटी" दे दी है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जनवरी। इंटरनेट आधारित सोशल मीडिया कंपनियों और उनके शीर्ष अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों या उनके प्लेटफार्मों पर की गई पोस्टों को सरकार की नीतियों पर औपचारिक बयान या आधिकारिक घोषणाओं के रुप में लिया जा रहा है। राजनेता और टिप्पणीकार, दोनों ही इन प्लेटफार्मों पर दिखाई दे रही पोस्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

मैटा के सीईओ, मार्क ज़ुकरबर्ग की, 2024 के चुनावों पर की गई टिप्पणियों ने पूरे भारतीय राजनीतिक वर्ग को उत्तेजित कर दिया था और ज़ुकरबर्ग और उनकी कंपनी से जवाब की मांग की गई थी।

- इस प्रकरण से एक बात स्पष्ट है कि भारतीय नेता सोशल मीडिया टिप्पणियों को जरूरत से ज्यादा महत्व देते हैं।
- इसी प्रकार एक्स (पूर्व में ट्विटर) के मालिक एलन मस्क अमेरिका की विदेश नीति के संबंध में आए दिन बयान देते रहते हैं और भारतीय नेता इन्हें इतनी गंभीरता से ले रहे हैं, मानो ये अमेरिका की अधिकृत टिप्पणियां हैं।

लेकिन अब, जब मैटा, जो कि एक लोकप्रिय मीडिया प्लेटफॉर्म की पेरेंट कंपनी है, ने 2024 के चुनावों पर अपने सीईओ की टिप्पणियों के लिए माफी मांग ली है, तो संसद में इस पर जो भारी शोर मचाया गया था, वह अब बेमानी लगता है।

मैटा के सीईओ ने टिप्पणी की थी कि कोविड महामारी के बाद, 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां दोबारा नहीं चुनी गईं। मैटा ने स्पष्ट किया कि यह टिप्पणी कई अन्य देशों के लिए सही थी, लेकिन भारत के लिए सही नहीं थी।

मार्क ज़ुकरबर्ग, मैटा के सीईओ, स्पष्ट रुप से 2024 चुनाव परिणामों के बारे में सही जानकारी से अवगत नहीं थे। अतः इस टिप्पणी को गंभीरता से लेने के बजाय, इसे यहीं छोड़ देना चाहिए था। इसके बजाय, ज़ुकरबर्ग की टिप्पणियों पर की गई प्रतिक्रियाएं उनके पक्ष में काम कर गईं, क्योंकि, उन्हें भारतीय संसद और मीडिया में अनुचित तवज्जो मिली।

यह पूरा घटनाक्रम और इसे मिली तवज्जो इस बात का संकेत देती है कि राजनेता सोशल मीडिया पर जो चल रहा है, उसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। परिणामस्वरुप, राजनेता और उनके साथी इन संगठनों को कहीं अधिक महत्वपूर्ण बना रहे हैं।

इसी तरह, दूसरा सोशल मीडिया दिग्गज, एक्स, अमेरिका की राजनीति के लिए एक और प्रेशर पॉइंट बन गया है। डॉनल्ड ट्रम्प कुछ दिनों में सत्ता की बागडोर संभालने वाले हैं, इसलिए अब सभी की नजरें एक्स पर डाली जा रही पोस्ट पर हैं, जिससे यह संकेत मिले कि अमेरिका की नीति की क्या दिशा हो सकती है।

एलन मस्क, एक्स के सीईओ, को ट्रम्प प्रशासन के सबसे महत्वपूर्ण नीति विशेषज्ञ के रुप में लिया जा रहा है। उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई पोस्टों को आने वाली ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के अंतिम बयान और संकेत के रुप में देखा जा रहा है।

इन टिप्पणियों को भविष्य की नीतियों के संकेत के रुप में नहीं लिया जाना चाहिए, जिससे कन्फ्यूज़न कम हो।

## हाई कोर्ट ने समरावता प्रकरण की केस डायरी मंगवायी

जयपुर, 15 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने देवली-उनियारा विधानसभा सीट के उपचुनाव के दौरान निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा की ओर से एसडीएम से मारपीट के बाद समरावता में हुए उपद्रव को लेकर दर्ज एफआईआर की केस डायरी तलब की है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने ये आदेश नरेश मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- देवली-उनियारा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने यह निर्देश दिये हैं।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. महेश शर्मा और अधिवक्ता फतेह राम मीणा ने बताया कि उप चुनाव के दौरान एसडीएम से मारपीट के आरोप में याचिकाकर्ता को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच गतिरोध बना था। इस पर टोंक के नगरफोर्ट थाना पुलिस ने याचिकाकर्ता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 24, अकबर रोड, से कांग्रेस की 47 सालों की कई स्मृतियां जुड़ी हैं

## कांग्रेस के सात अध्यक्षों, जिनमें से चार गांधी परिवार के हैं, के कार्यकाल का गवाह रहा है, 24, अकबर रोड

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जनवरी। सोनिया गांधी बुधवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय 9 ए कोटला रोड का उद्घाटन किया।

नया स्टेट ऑफ आर्ट एआईसीसी मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रमुख नेताओं के विज़न को कायम रखने के मिशन का प्रतीक है।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा किया गया उद्घाटन उस पार्टी के इतिहास का एक महत्वपूर्ण पल है अवसर है, जिसने 47 साल तक 24 अकबर रोड मुख्यालय से काम किया था।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, के.सी. वेणुगोपाल व अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता मौजूद थे।

इस दौरान नए मुख्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया गया वंदेमातरम तथा राष्ट्र गीत गाया। सोनिया गांधी ने भवन के उद्घाटन का रिबन काटा और इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे को भी साथ लिया।

- यह भवन कभी आर. मैक्सवैल का घर था, जो कि वायसरॉय लॉर्ड लिनलिथगो की कैबिनेट के सदस्य थे।
- म्यांमार की नेता आँग सान सू की अपनी किशोरावस्था में यहाँ रही थीं, तब उनकी माँ म्यामांर की राजदूत की हैसियत से यहाँ रहती थीं।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, यद्यपि नए भवन को समय की जरूरत बता रहे हैं पर वे 24, अकबर रोड से गहरा भावनात्मक लगाव महसूस करते हैं। उनकी भावनाएं। इस अवसर पर नज़र आईं।

एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा अब समय आ गया है आगे बढ़ें और नवीनता को अपनाएं। इस भवन का निर्माण शुरु हुआ था जब सोनिया पार्टी अध्यक्ष थी।

वेणुगोपाल ने कहा 9 ए, कोटला रोड स्थित इंदिरा भवन का डिजाइन ऐसा है कि यह पार्टी व इसके नेताओं की बदलती जरुरतों को पूरा कर सके और इसने पार्टी की प्रशासनिक संगठनात्मक और रणनीतिक गतिविधियों को सहायता देने के लिए आधुनिक सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा, नया भवन पार्टी की प्रगतिवादी सोच को दर्शाता है साथ ही भव्य अतीत के प्रति श्रद्धावनत भी नज़र आता है।"

सूत्रों ने कहा है कि पार्टी अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन ने नामांकन भरा

नयी दिल्ली, 15 जनवरी। आम आदमी पार्टी (आप) के जंगपुरा से प्रत्याशी मनीष सिसोदिया और शकूरबस्ती से सत्येन्द्र जैन ने बुधवार को अपना-अपना नामांकन किया।

सिसोदिया ने कहा, आपके बीच आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। आपके आशीर्वाद से विधायक बनकर दिल्ली सरकार में बैठूंगा तो जंगपुरा के सारे काम तेजी से होंगे और किसी भी काम के लिए फंड की कमी नहीं होगी।

- सिसोदिया ने आरोप लगाया कि भाजपा के पास केवल दिल्ली की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी थी, उनसे वह भी नहीं संभल पाई।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास कुछ बताने के लिए नहीं है। दिल्ली में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी उनकी है। अगर कहीं कोई एनजीओ या कोई व्यक्ति कुछ कर रहा है तो वे लोग क्या कर रहे थे? क्या ये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सीएजी रिपोर्ट के बाद भी सट्टा बाज़ार ने दिल्ली में आप को बहुमत मिलने की भविष्यवाणी की

## सट्टा बाज़ार के अनुसार, 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में आप को 37 से 39 सीटें मिल सकती हैं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जनवरी। एक तरफ तो कॉम्पट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल (सी.ए.जी.) ने, रद्द हो चुकी आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के कारण 2026 करोड़ रूपए की आय के नुकसान की बात कही है, वहीं, फलौदी सट्टा बाज़ार ने आगामी 5 फरवरी 2025 को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपने अनुमानों को अपडेट किया है।

बाज़ार ने आप को मिलने वाली सीटों की संख्या में महत्वपूर्ण कमी दर्शाते हुए 37 से 39 सीटों पर पार्टी की विजय की भविष्यवाणी की है। सन् 2020 की तुलना में यह लगभग 63 प्रतिशत की भारी कमी है। सन् 2020 में हुए चुनावों में आम आदमी पार्टी ने 70 सीटों वाली विधानसभा में 62 सीटें हासिल की थीं।

राजस्थान के जोधपुर जिले के शहर फलौदी स्थित, फलौदी सट्टा बाज़ार, भारत के सर्वाधिक विख्यात सट्टा बाज़ारों में एक है। चुनावों की परख तथा राज्य एवं केन्द्र के चुनावों में पार्टियों को मिलने वाली सीटों के अनुमान के लिए बड़ी संख्या में लोग इस बाज़ार की भविष्यवाणियों पर नज़र रखते हैं। इसकी भविष्यवाणियाँ अक्सर जमीनी स्तर पर किए गए सर्वे, जनभावना तथा ऐतिहासिक वोटिंग पैटर्न पर आधारित होती हैं।

फलौदी सट्टा बाज़ार ने 25 से 35 सीटों के साथ भाजपा के लिए बहुत अच्छे लाभ की भविष्यवाणी की है। पिछले चुनावों में भाजपा को केवल 8 सीटें मिली थीं। इससे दिल्ली के राजनीतिक क्षेत्र में भाजपा की मजबूत होती स्थिति का संकेत मिलता है।

- आंकलन के अनुसार, भाजपा की स्थिति पहले से मजबूत रहेगी। पार्टी को 25 से 30 सीटें मिल सकती है, जबकि पूर्व चुनाव में पार्टी मात्र 8 सीटें ही जीत पाई थी।
- सट्टा बाज़ार ने कांग्रेस को तीन सीटें मिलने की संभावना जताई है। पंद्रह साल सत्ता में रही कांग्रेस दिल्ली में अपने पैर जमाने के लिए संघर्ष कर रही है।
- दिल्ली में भाजपा का वोट शेयर हमेशा से 30 प्रतिशत से अधिक रहा है, पर, 27 सालों से पार्टी दिल्ली में सत्ता में नहीं आ पाई है। इस बार पार्टी की उम्मीद नरेन्द्र मोदी के सक्रिय चुनाव प्रचार पर टिकी है, साथ ही पार्टी का फोकस आप सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को उभारने पर भी है।
- कांग्रेस की दिक्कत है, वोट शेयर में लगातार कमी होना, दूसरा, पार्टी के पास करिश्माई छवि वाला कोई नेता भी नहीं है और संगठनात्मक स्तर पर भी पार्टी बहुत कमज़ोर है।

कांग्रेस के लिए साधारण प्रदर्शन की भविष्यवाणी की गई है और लगभग 3 सीटों पर विजय बताई है। हाल के वर्षों में आई गिरावट के बाद पार्टी दिल्ली की राजनीति में अपनी स्थिति सुधारने में लगी हुई है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने, 14 सी.ए.जी. रिपोर्ट सदन में पेश करने में देरी करने के लिए आप सरकार की आलोचना की है और संकेत दिए हैं कि इस तरह की देरी सरकार के इरादों के बारे में संदेह पैदा करती है। उक्त रिपोर्टों में आबकारी नीति पर रिपोर्ट भी शामिल है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जयराम रमेश की याचिका पर केन्द्र व चुनाव आयोग को नोटिस

नयी दिल्ली, 15 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 1961 के चुनाव नियमों में हाल ही में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की याचिका पर बुधवार को केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इस संबंध में आदेश पारित किया।

- कांग्रेस महासचिव ने 1961 के चुनाव नियमों में संशोधनों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

चुनाव नियमों में किए गए संशोधनों के तहत, सीसीटीवी और चुनाव से जुड़े अन्य दस्तावेजों तक लोगों की पहुंच प्रतिबंधित कर दी गई है।

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# गिरती प्रजनन दर भविष्य का नया संकट

दुनिया के देशों के सामने जनसंख्या नीति के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। दक्षिण कोरिया, चीन, फ्रांस, इटली, स्पेन, पुर्तगाल सहित दुनिया के अनेक देश घटती जन्म दर से दो-चार हो रहे हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया के 124 देशों में जनसंख्या दर में गिरावट दर्ज की जा रही है। खासतौर से विकसित देशों में जनसंख्या दर में तेजी से गिरावट आ रही है। विशेषज्ञों की माने तो यही हालात रहे तो दक्षिण कोरिया और सर्बिया आदि के सामने तो 2100 तक अस्तित्व का ही संकट आ सकता है। माना जा रहा है कि यही ट्रेंड रहा तो 2100 तक दक्षिण कोरिया की आबादी 5.1 करोड़ से घटकर इसकी तिहाई रह जाएगी। खास बात यह कि बुजुर्गों की आबादी तो बढ़ेगी पर युवाओं की आबादी बहुत कम रह जाएगी।

लैसेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2100 तक दुनिया के देशों में प्रजनन दर 1.6 रह जाएगी। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था, देशों के बीच परस्पर शक्ति संतुलन, खद्य, पर्यावरण, स्वास्थ्य आदि-आदि प्रभावित होंगे। दरअसल 1950 में दुनिया के देशों में औसत प्रजनन दर 5 बच्चे थी जो 2021 आते-आते 2.1 रह गई है। विशेषज्ञों की माने तो यह प्रजनन दर 2050 तक घटकर 1.8 रह जाएगी और 2100 तक 1.6 रह जाएगी। इससे तेजी से आबादी तो नियंत्रित हो जाएगी पर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि पश्चिमी व पूर्वी उप सहारा क्षेत्र अफ्रीका के देशों में प्रजनन दर में उतनी गिरावट नहीं होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानव जाति के लिए 2.1 प्रजनन दर होना जरुरी है। चीन, कोरिया सहित अनेक देशों में यह दर कम होती जा रही है। यही कारण है कि चीन सहित अनेक देशों ने अपनी जनसंख्या नीति में परिवर्तन किया है। अब चीन कोरिया सहित अनेक देश अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने लगे हैं। चीन में एक बच्चे की नीति के कारण जनसंख्या तो नियंत्रित हो गई पर उस के परिणाम खासतौर से युवा पीढ़ी के कम होने के कारण दो बच्चों और फिर उसमें भी सफलता नहीं मिलने पर तीन बच्चों की नीति लागू की गई है।

दरअसल दुनिया के देशों में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ती जा रही हैं वहीं जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं उससे साफ हो जाता है कि कामकाजी युवाओं की संख्या कम से कम होती जाएगी। यह दुनिया के देशों के सामने बड़ा संकट दिखाई देने लगा है। यही कारण है कि चीन सहित दुनिया के देश अब आबादी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देने लगे हैं। एक या दो बच्चों की नीति को त्यागकर तीन बच्चों तक की नीति को अपनाने लगे हैं। दक्षिण कोरिया माता-पिता को बच्चे के जन्म से लेकर सात वर्ष का होने तक विभिन्न प्रकार की प्रोत्साहन ओर सहायता योजना में 35 से 50 युआन तक दे रहे हैं। इसी तरह से योरोप के कई देश अपने नागरिकों को प्रोत्साहित करने के कई कार्यक्रमों का संचालन कर प्रोत्साहित करने लगे हैं।

**एक बच्चे की नीति को तो करीब-करीब सभी देश त्यागने ही लगे हैं क्योंकि यह लगने लगा है कि अगला दशक कहीं बुजुर्गो का दशक ना हो जाए। सरकारों के सामने इससे गंभीर संकट के हालात इस मायने में हो जाएंगे कि उत्पादक जेनरेशन यानी की युवा कम होते जाएंगे और बुजुर्ग अधिक हो जाएंगे। इससे सामाजिक ताने-बाने के साथ ही उत्पादकता सहित अनेक विसमताएं सामने आने लगेगी।**

प्रजनन दर कम होने के पीछे जहां दुनिया के देशों की आबादी को नियंत्रित करने की नीति रही वहीं अब जनंसख्या नियंत्रित होने के कई कारणों में से एक कारण आधुनिक जीवन शैली, रहन-सहन, मंहगाई, शिक्षा स्वास्थ्य व आवास जैसी समस्याएं आदि प्रमुख है। इसके साथ ही शैक्षिक स्तर बढ़ने और सोच में बदलाव भी एक बड़ा कारण है। देखा जाए तो अब भारत सहित दुनिया के देशों में बाल विवाह में कमी, आत्मनिर्भर होने पर विवाह बंधन में बंधने की प्रवृति, महिलाओं में भी शादी के प्रति अनिच्छा, या फिर अधिक उम्र में शादी करना, एक सर्वे के अनुसार हांलाकि यह अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है कि आज की पढ़ी-लिखी महिलाएं शादी तो करना चाहती है पर बच्चे पैदा करने, उनके लालन-पालन और घर गृहस्थी को बोझ मानने की मानसिकता भी एक कारण होती जा रही है। इस सबसे अलग दुनिया के किसी भी कोने को ले लो अब हालात यह हो गए हैं कि आधुनिकता और जीवन स्तर के चलते कोस्ट ऑफ लिविंग यानी की रहन-सहन का खर्च बढ़ गया है और एक बड़ा कारण यह है कि लोग परिवार को सीमित रखने व देरी से शादी लिविंग स्टेण्डर्ड के कारण प्रमुखता देने लगे हैं। हांलाकि जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं उससे दुनिया के सभी देश चिंतित हो गए हैं। एक बच्चे की नीति को तो करीब-करीब सभी देश त्यागने ही लगे हैं क्योंकि यह लगने लगा है कि अगला दशक कहीं बुजुर्गों का दशक ना हो जाए।

सरकारों के सामने इससे गंभीर संकट के हालात इस मायने में हो जाएंगे कि उत्पादक जेनरेशन यानी की युवा कम होते जाएंगे और बुजुर्ग अधिक हो जाएंगे। इससे सामाजिक ताने-बाने के साथ ही उत्पादकता सहित अनेक विसमताएं सामने आने लगेगी। आज क्रोसिया, ग्रीस, इटली, मालटा, पुर्तगाल, स्लोवानिया आदि दक्षिण योरोप के देशों में 65 साल से अधिक की आबादी 21 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जापान में 29 प्रतिशत तो मोनाको में 36 प्रतिशत आबादी 65 साल से अधिक के नागरिकों की हो गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि स्वास्थ्य बेहतरी के चलते औसत उम्र में बढ़ोतरी हुई है। यहां बुजुर्ग आबादी को लेकर कोई नकारात्मक सोच भी नहीं है पर जिस तरह से प्रजनन दर कम हो रही है और आने वाले समय में संकट दिखाई दे रहा है उसी को लेकर चिंता है और इसे लेकर सरकारो, समाज चिंतकों, मनोविज्ञानियों सहित समाज के सभी वर्गों को विचार करना होगा ताकि समय रहते संतुलन बनाए रखा जा सकें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 16 जनवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा


माघ मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, आश्लेषा नक्षत्र दिन 11:17 तक, आयुष्मान योग रात्रि 1:06 तक, वणिज करण दिन 3:45 तक, चन्द्रमा आज दिन 11:17 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-कर्क, बुध-धनु, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 11:45 से सूर्योदय तक है। भद्रा दिन 3:45 से रात्रि 4:07 तक रहेगी। आज सौभाग्य सुन्दरी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:40 तक, चर 11:18 से 12:36 तक, लाभ-अमृत 12:36 से 3:14 तक, शुभ 4:33 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:52




**मेष**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आय में वृद्धि होगी।




**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**कर्क**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय रहेगा।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।




**वृश्चिक**
परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के लिए सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए समय ठीक है।




**धनु**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।



**कुंभ**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

## यह पूर्णत: महत्वहीन है कि किस पूर्व सांसद, पार्टियों के नेताओं ने कब किस महिला के लिए आपत्ति वाली बातें कही

# महत्वपूर्ण यह है कि राजनीतिक दल कैसे निम्न स्तरीय कार्यकर्ता, नेता तैयार कर रहे हैं और ऐसों के विरुद्ध कार्यवाही से क्यों हिचकिचाते हैं?



महावीर सिंह

अभी कुछ दिन पहले एक अत्यंत सम्माननित महिला जो संसद होने के साथ-साथ एक बड़ी पार्टी की पदाधिकारी रह चूंकि है और सबसे उपर एक शाहिद पूर्व प्रधानमंत्री की पुत्री भी है, के सम्बंध में एक पूर्व सांसद नें बेहद घटिया टिप्पणी की। यह सांसद पूर्व में अपने एक सम्मानित साथी सांसद के सम्बंध में भी सदन में ऐसी ही टिप्पणी लर चुके हैं। उनकी भाषा उनकी शिक्षा-दीक्षा व संस्कारों की परिचायक है। लो जी, उसकी पार्टी नें तो उफ तक नही किया। इसी पूर्व सांसद को अब दिल्ली की विधानसभा के होने वाले चुनावों में बतौर इनाम विधायक का चुनाव लड़ाया जा रहा है।

भारत की राजनीति में इस से पहले भी अनेक सम्माननित महिलाओं, सांसदों के सम्बंध में संसद में या सार्वजनिक मंचों में भद्दी से भद्दी भाषा काम में ली जा चुकी है। नाम गिनाने की आवश्यकता नहीं। संसद में तो महिलाओं के प्रति ही नहीं, अन्य सांसदों तक के लिए आधारहीन, आपत्तिजनक बातें कही जाती रही है।

प्रश्न यह भी है कि ऐसे राजनेता लोग, इतनी उच्चपदस्थ/सम्मानित महिलाओं के सम्बंध इस प्रकार की निकृष्ठ भाषा काम में ले सकते है तो अत्यंत सामान्य, गरीब, मजदूर महिलाओं के प्रति उनकी भाषा कैसी हो सकती है? महिलाओं के सम्बंध में ही नही, विभिन्न राजनीतिक दलों के छोटे-बड़े तथाकथित नेता तथा विधायको, सांसदों व मंत्रियों तक निम्नस्तरीय, अमर्यादित, असंवैधानिक भाषा सार्वजनिक मंचों से भी एक-दूसरे के लिए बोलते रहे है। आइए, इस पर विचार करें कि सांसद आदि अपना पद ग्रहण करने से पूर्व क्या शपथ लेते है। यह शपथ है:–

"मैं-----का सदस्य निर्वाचित हुआ हूँ, ईश्वर की शपथ लेता हूँ (या से सत्य निष्ठा प्रतिज्ञान करता हूँ कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा, में भारत की प्रभुता और अखण्डता अक्षुण रखूंगा तथा मैं श्रद्धापूर्वक अपने कर्तव्यों पालन करूंगा।" पाठक स्वयं ही प्रश्न करके कि क्या इस प्रकार के विधायक या सांसद सँविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हैं या नही? क्या इस प्रकार के जन प्रतिनिधियों की सदस्यता, सम्बंधित सदन द्वारा समाप्त की जानी चाहिए या नहीं ? क्या ऐसे लोग, ऐसे प्रतिष्ठित पदों पर चुने भी जाने चाहिए क्या? क्या ऐसे लोगों से संवैधानिक मूल्यों, परिपाटियों की रक्षा की तनिक भी आशा की जा सकती है?

अगर मंत्री सँविधान द्वारा स्थापित मूल्यों के विपरीत भाषण देते है, कृत्य करते तो वे मंत्री रहने भी चाहिए क्या? उनको आम आदमी थोड़े ही हटा सकता है। उन्हें तो पीएम या सीएम ही हटा सकते है, तो पाठक विचार करे कि ऐसे न करने की कोई मजबूरी होती है या यह उनको ऐसा करते रहने का प्रोत्साहन है। राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता सारी नफरती, खुराफाती, अमर्यादित बातें करते है किन्तु यह नेता लोग भारत के सँविधान की धारा 51A की बात कभी क्यों नहीं करते?

धारा 51A(e) में नागरिकों के ऐसे व्यवहार की अपेक्षा की गई है कि ऐसी भाषा, व्यवहार जो महिलाओं के मान, प्रतिष्ठा को नीचा दिखाने वाला हो, उसे ख़ारिज करेंगे, उसकी उपेक्षा करेंगे। धारा 51A(a) प्रत्येक भारतीय से यह अपेक्षा की गई है कि वह सँविधान में उल्लेखित आदर्शों की पालना करेंगे।

संविधान की इस धारा में वैज्ञानिक सोच, आपसी भाईचारे की भावना विकसित करने पर जोर है अर्थात बहुत सी दूसरी बातों के साथ साथ पाखंडों से परहेज करने की और आपसी भाईचारे की बातें भी है।

कोई पाखंडों का विरोध क्यों नही करता? इनके विरुद्ध आंदोलन क्यों नहीं चलते? छोटी-छोटी महत्वहीन बातों पर आए दिन धरने प्रदर्शन होते रहते है तो फिर जब कभी किसी जाति-धर्म विशेष को लेकर तनाव उतपन्न करने वाली बातें, आस्था, धर्म के नाम पर पूर्णत: आधारहीन, कपोलकल्पित बातें कही जाती है, मिडिया उन्हें प्रचारित-प्रसारित करने में कसर नहीं छोड़ता। तो राजनीतिक दल, तथाकथित कई सामाजिक सांस्कृतिक संगठन कोई आंदोलन, धरना-प्रदर्शन क्यों नहीं करते? कभी एससी, एसटी के सदस्यों के विरुद्ध होने वाले अमानुषी अत्याचारों, व्यवहारों के विरुद्ध इन तथाकथित सांसदों, मंत्रियों, संगठनों आदि की आवाज फुस्स क्यों हो जाती है? मोबलिंचिंग की घटनाओं पर यह लोग मौनवृत क्यों धारण कर लेते है? तिरुपति में 6 आदमी किसी विशेष समय पर दर्शन के लिए लाइन में लगे लगे भगदड़ के कारण मर जाते है? यह कोई एक स्थान विशेष की बात नही, आए दिन जगह-जगह इस प्रकार की घटनाएं होती हैं। किसी पवित्र स्थान, मंदिर, धर्म स्थान पर किसी विशेष समय पर दर्शन, पूजा से ही किसी विशेष बात-फल की प्राप्ति हो जाती है क्या? फिर तो कुछ भी करने की जरूरत ही क्या, दर्शन करो और मोजां ही मोजां? ऐसे दर्शनों का क्या औचित्य है? इनका कभी कोई नेता, संगठन विरोध करते क्यों नहीं दिखते? यक्ष प्रश्न यह है कि कभी ऐसे नेताओं, कार्यकर्ताओं के विरुद्ध पार्टियों का शीर्ष नेतृत्व तत्काल सख्त कार्यवाही क्यों नहीं करता? उन्हें पार्टियां निकाल बाहर क्यों नहीं करती? उन्हें चुनाव क्यों लड़ाती हैं? हत्या, रेप जैसे घृणित आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को चुनाव की उम्मीदवारी क्यों?

क्या सदन इतने शक्तिहीन हैं कि ऐसे बेलगाम लोगों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने में असक्षम है? ऐसा तो हो नही सकता। सदनों के अधिकार बहुत अधिक है--

सदन चाहें तो प्रस्ताव पास कर सँविधान की मर्यादाओं के विपरीत आचरण करने वालों की सद्स्यता समाप्त कर सकते है या कुछ समय के लिए उन्हें कार्यवाही में हिस्सा लेने से रोक सकते है। क्या ऐसे नेताओं को चुनने या उन्हें महिमामण्डित करने में जनता का कोई दोष नही?

कई बार तो जनता के सामने भी दुविधा होती है--आमने-सामने की दोनों ही उम्मीदवार एक जैसे घटिया हों तो फिर जनता क्या करे? क्या नोटा विकल्प को ज्यादा प्रभावकारी बनाने की आवश्यकता नहीं है क्या? किन्तु हमेशा तो ऐसी स्थिति नहीं होती।

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स के खाते में यूनीफॉर्म और बैग के लिए रुपए जमा होंगे

## सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के स्टूडेंट्स को एक-एक हजार रुपए देने की घोषणा बजट में की थी

**बीकानेर,** (निसं)। राज्य की भाजपा सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के स्टूडेंट्स को स्कूल बैग और यूनीफॉर्म खरीद के लिए प्रत्येक स्टूडेंट को एक-एक हजार रुपए देने की घोषणा बजट में की थी। अब वित्त विभाग ने इसी घोषणा के तहत हर स्टूडेंट को आठ-आठ सौ रुपए देने के आदेश दिए हैं। सेशन समाप्त होने से कुछ समय पहले यूनीफॉर्म के लिए रुपए दिए जा रहे हैं, उसमें भी दो सौ रुपए की कटौती कर दी गई है। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक ने मंगलवार रात इस संबंध में आदेश जारी किए।

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने आदेश में कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट भाषण में कहा गया था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के छात्र-छात्राएं स्कूल में हीन भावना से ग्रस्त न हो तथा उन्हें भी शिक्षा के लिए आवश्यक स्कूल, बैग, किताब तथा यूनीफॉर्म उपलब्ध हो सके, इस दृष्टि से राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से आठवीं तक के समस्त विद्यार्थियों तथा कक्षा नौ से बारहवीं तक की छात्राओं को अगले वर्ष प्रति विद्यार्थी एक हजार रुपए की सहायता प्रदान करने की घोषणा हुई थी। इस संबंध वित्त विभाग ने बालक-बालिकाओं को यूनीफॉर्म (सिलाई सहित) एवं स्कूल बैग के लिए सहायता राशि के रूप में आठ सौ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसमें किताबों का खर्च शामिल नहीं है।

■ **अब वित्त विभाग ने इसी घोषणा के तहत क्लास एक से आठ तक के हर स्टूडेंट को आठ-आठ सौ रुपए देने के आदेश दिए हैं**

निदेशालय ने फिलहाल राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में क्लास एक से आठ तक पढ़ने वाले सभी स्टूडेंट्स को यूनीफॉर्म और बैग के लिए आठ सौ रुपए देने के आदेश दिए हैं। ये राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) के तहत स्टूडेंट के खाते में जमा होंगी। इस योजना से प्रदेश के सत्तर लाख स्टूडेंट्स को लाभ मिलने वाला है। फिलहाल प्रारम्भिक शिक्षा से जारी आदेश के बाद अब इन स्कूलों में पढ़ने वाले 57 लाख स्टूडेंट्स के बैंक खातों में ये राशि ट्रांसफर हो सकेगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक इसके लिए अलग से आदेश जारी करेंगे तब नौवी से बारहवीं में पढ़ने वाली छात्राओं को आठ सौ रुपए ट्रांसफर होंगे।

# बाड़मेर-जोधपुर से कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 19 को

## जोधपुर से रात्रि 9.30 बजे करेगी प्रस्थान, चार स्लीपर और बारह जनरल कोच होंगे

**जोधपुर,** (कासं)। कुंभ मेला में यात्रियों के आवागमन की सुविधा को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा 19 जनवरी को कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। ट्रेन बाड़मेर से प्रस्थान कर जोधपुर-जयपुर-आगरा के रास्ते प्रयागराज होते हुए बरौनी तक जाएगी।

जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा प्रयागराज कुंभ मेला-2025 में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा को देखते हुए बाड़मेर-बरौनी-बाड़मेर कुंभ मेला स्पेशल (1 ट्रिप) 19 जनवरी को बाड़मेर से संचालित की जाएगी। सिंह ने बताया कि ट्रेन 04811, बाड़मेर से 19 जनवरी को सायं 5.30 बजे प्रस्थान कर रात्रि 9.20 जोधपुर आगमन व 9.30 बजे प्रस्थान तथा 20 जनवरी को शाम 7 बजे प्रयागराज जंक्शन पर आगमन व 7.10 बजे प्रस्थान कर 21 जनवरी सुबह 9 बजे बरौनी पहुंच जाएगी। वापसी में ट्रेन 04812, बरौनी से 21 जनवरी को रात्रि 11 बजे प्रस्थान कर 22 जनवरी सुबह 11.10 बजे प्रयागराज आगमन व 11.20 बजे प्रस्थान तथा 23 जनवरी को सुबह 8.45 बजे जोधपुर आगमन व 8.55 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे बाड़मेर पहुंच जाएगी। ट्रेन में यात्री सुविधा हेतु 4 स्लीपर व 12 जनरल श्रेणी के डिब्बे होंगे।

पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन आवागमन में बालोतरा, समदड़ी, जोधपुर, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, फुलेरा, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर,पाटलिपुत्र व हाजीपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# चिकित्सा विभाग ने 240 किलो घी सीज किया




चिकित्सा विभाग की टीम ने घी सीज किया और अन्य खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देश पर फूड सेफ्टी एक्ट अधिनियम के तहत चिकित्सा विभाग की टीम ने सरदार नगर शहर की कृषि मंडी स्थित जय भोलेनाथ शुगर ट्रेडिंग कंपनी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 240 किलो घी सीज किया।

सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और कंपनी के अन्य खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल की। इस दौरान कंपनी से घी, रिफाइंड तेल और चाय के नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी, सहायक कर्मचारी गोपाल शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार, घी की गुणवत्ता पर शिकायतें मिलने के बाद चिकित्सा विभाग की टीम ने अचानक कंपनी पर छापा मारा। जांच के दौरान सरस घी के सैंपल लिए गए, जो कि अलग-अलग बैच के थे, जिनकी गुणवत्ता खाद्य सुरक्षा अधिनियम के निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरी। इसके चलते सरस घी के 16 पीपे घी को सीज कर दिया गया।

सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने बताया कि उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी खाद्य सामग्री उत्पादकों को चेतावनी दी कि गुणवत्ता में किसी भी तरह की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने सैंपल की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

# साइबर अपराध को लेकर जानकारी दी

**उदयपुर,** (निसं)। हाथीपोल थाना पुलिस ने साईबर अपराध एवं यातायात जागरूकता के लिए बैठक आयोजित हुई। पुलिस मुख्यालय जयपुर की ओर से सड़क सुरक्षा, मादक पदार्थ तथा साइबर अपराध को लेकर चलाए जा रहे अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के मार्गदर्शन में बुधवार को हाथीपोल थानाधिकारी द्वारा रेजीडेंसी राजकीय बालिका उमावि. एवं गुरू गोविंद सिंह राजकीय उमावि. में बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राजकीय गुरू गोविन्दसिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज पटेल, रेजीडेंसी प्रधानाचार्या रंजना मिश्रा मय स्टाफ व छात्र मौजूद रहे। इस अवसर पर हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार ने साइबर अपराध, कैसे व क्यो होता है इस संबंध में तथा इससे बचने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर जागरूक किया गया तथा मोबाइल की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान सड़क सुरक्षा माह के संबंध में यातायात संकेतों, नियमों, बिना लाईसेंस के दुपहिया वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग कर उससे होने वाले लाभ, तीन सवारी वाहन पर नहीं बैठाने, ऑवर स्पीड से वाहन चलाने पर होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान थानाधिकारी आदर्श कुमार ने वाहनों के रखरखाव, सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। साथ ही राजकॉप सिटीजन तथा 112 एप के उपयोग व उसकी उपयोगिता की जानकारी दी। इस दौरान थानाधिकारी ने पोक्सों एक्ट के बारे में तथा अपने निवास व शिक्षण संस्थान के पास होने वाले अपराधों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने का आग्रह किया।

■ **साइबर अपराध, कैसे व क्यो होता है, इस संबंध में तथा इससे बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी**

# भूमि पूजन कर की धर्म ध्वज की स्थापना

**राजलदेसर ।** राजलदेसर गौशाला बास में स्थित भोला बाबा बगीची में संत पुष्कर नाथ महाराज की 19 वी बरसी पर आज भूमि पूजन कर के धर्म ध्वज की स्थापना की गई नापासर के पंडित विमल जोशी ने मन्त्रों उच्चारण के साथ भूमि पूजन करवाया । संत सुरजीतनाथ पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा , भीकमचंद सुथार भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी , भगवान दास स्वामी, भुवनेश्वर शर्मा , शंकर खंडोलिया, डॉ .हीरालाल सोनी , नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता हर्षित बशीर के द्वारा धर्म ध्वजा की स्थापना की गई बाबूलाल तिवाड़ी लिखमादेसर सहपत्नीक यजमान थे । 26 जनवरी से 5 कुंडीय श्री रुद्र अन्नपूर्णा व श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन एक फरवरी तक होगा वहीं 2 फरवरी को विशाल भंडारा साधु संतो की विदाई होगी । इस अवसर पर पार्षद जयचंद महावर भवानी सैनी मंत्री नोरंगनाथ सिद्ध हँसोजी धाम लिखमादेसर के महंत भवरनाथ सिद्ध ,उमाशंकर दाधीच, सुशील शर्मा, करणी सिंह बिका, धनाराम नाई, विजय घोड़ेला, चाँदरतन रिणवा , हनुमान कांकरिवाल, गुलजी पड़िहारा, सांवरमल प्रजापत , नोरतन मल नाई, सहित अनेकों व्यक्ति मौजूद रहे ।

# सांसद राहुल कस्वां की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात

**चूरू ।** सांसद राहुल कस्वां ने प्रदेश की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। साथ ही इन्हीं मुद्दों को लेकर उन्होंने अतिरिक्त मुख्य सचिव-सार्वजनिक निर्माण विभाग राज. सरकार से भी विस्तारपूर्वक चर्चा की।

सांसद कस्वां ने उप-मुख्यमंत्री को बताया कि चूरू संसदीय क्षेत्र में सड़कों के उन्नयन की महत्ती आवश्यकता है। चूरू संसदीय क्षेत्र में पूर्व में बनाई गई

**■ संसदीय क्षेत्र में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर हुई व्यापक चर्चा**

सभी सड़कों का भारत सरकार की योजना में उन्नयन कर दिया गया है। पिछले काफी समय से चूरू संसदीय क्षेत्र की सड़कों की श्रेणी का परिवर्तन नहीं किया गया है। अगर ग्रामीण सड़कों को परिवर्तित कर दिया जाये तो भारत सरकार व राजस्थान सरकार के विभिन्न मदों से इनका उन्नयन किया जा सकेगा। हमने संसदीय क्षेत्र की लगभग 300 किमी. सड़कों का श्रेणी परिवर्तित कर



**चूरू सांसद राहुल कस्वां ने प्रदेश की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।**

करने की मांग रखी है।

सांसद ने उप-मुख्यमंत्री को बताया कि चूरू जिला मुख्यालय पर राज्य सरकार द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया गया था; लेकिन तकनीकी खामी के चलते यह ओवरब्रिज अनुपयोगी है। छोटे वाहनों के अलावा यह मार्ग बंद हो गया है, जिसके कारण बड़े वाहनों को बहुत घूम कर चूरू शहर से गुजरता पड़ता है। जनता के मांग के अनुरूप इस अनुपयोगी हो चुके ओवर ब्रिज को डिस्मेंटल किया जाये और इस स्थान पर सेतु बंधन योजना या राज्य सरकार द्वारा नया ओवर ब्रिज निर्माण किया जाए। चूरू संसदीय क्षेत्र के विभिन्न शहरों में सुगम आवागमन हेतु विभिन्न सड़कों को फोरलेन व सौन्दर्यकरण करने का अग्रह किया।

कडवासर चौराहा से झारिया मोरी (चूरू), एनएच-52 से लाल घंटाघर वाया पूनियां कॉलोनी (चूरू), डीटीओ कार्यालय से कलेक्ट्रेट ऑफिस सर्किल (चूरू), साहवा सर्किल से नहर पूल - 6 (तारानगर), बीकानेर सर्किल से रेलवे फाटक व इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर से कृषि विज्ञान केन्द्र (सरदारशहर); होटल से भगतसिंह सर्किल (भादरा); सिरसा सडक से साहवा बाईपास (नोहर); एनएच-52 एंट्री प्वाइंट से एनएच-52 एक्जिट प्वॉइंट वाया सिधमुख मोड़-अम्बेडकर सर्किल-बस स्टेण्ड-सांखू सर्किल (सादुलपुर), तारानगर रोड (-52) से अम्बेडकर सर्किल (सादुलपुर), पिलानी फाटक से रड़वा बाईपास -709 (सादुलपुर) आदि। कस्वां ने सेतु बंधन योजना के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र में 5 नये ओवरब्रिज (गोगामेड़ी, सुजानगढ़, नोहर, सरदारशहर और सादुलपुर) के प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाने के लिए भी कहा। साथ ही संसदीय क्षेत्र में स्थित रेलमार्गों पर अंडर ब्रिज की बड़ी आवश्यकता को देखते हुए एक सूची सौंपकर इन्हें स्वीकृति प्रदान करने का आठाह किया।इसके अलावा सरदारशहर से किशनगढ़ मेगा हाइवे को फोरलेन में बदलने, रावतसर से भादरा सड़क को 7 मी. से 10 मी. एवं भालेरी से चूरू सड़क को 5.5 मी. से 10 मी. चौड़ा करने की डिमांड भी हमने रखी है।

# परिवहन विभाग की टीम ने लगाए रिफ्लेक्टर टेप

**चूरू ।** सड़क सुरक्षा माह-2025 "परवाह" के कार्यक्रम के अंतर्गत चूरू शहर में संचालित गैर परिवहन यानों, तिपहिया वाहनों, घोड़ा गाड़ियों व उंट गाड़ियों पर एसडीएम बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को रिफ्लेक्टर टेप लगाए। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस दौरान परिवहन निरीक्षक कन्हैयालाल यादव ,गार्ड राकेश कस्वां, जितेन्द्र ढाका व चालक विजय कुमार सैनी मौजूद थे। इसी क्रम में बुधवार को ढाढर टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन एनएचएआई सालासर टोल रोड़ प्रा.लि. व परिवहन विभाग के सौजन्य से किया गया। जिसमें चालकों की नेत्र जांच कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गई।

वाहन चालकों को चश्मे के नम्बर भी दिये गये। नेत्र जांच शिविर में राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार, नेत्र विशेषज्ञ सीएचसी रतननगर के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अभिमन्यू चौहान, टोल प्लाजा की पैरामेडिकल टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस कार्यक्रम में परिवहन निरीक्षक कन्हैयालाल यादव, टोल प्लाजा मैनेजर सुरेंद्र सिंह, आर.पी.ओ जितेन्द्र सिंह शेखावत, रोड सेफ्टी ऑफिसर टोल प्लाजा ढाढर प्रदीप कुमार माथुर व समस्त टोल कर्मी व परिवहन विभाग के गार्ड मौजूद थे।

## सार-समाचार

### हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत



**पोस्टमार्टम के दौरान तारा नगर पुलिस ने पंचनामा तैयार किया।**

तारानगर । तारानगर कस्बे में दो अलग- अलग सड़क हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। पिलानी निवासी 40 वर्षीय सुखबीर अपने गांव से अपने ससुराल तारानगर आ रहा था इसी दौरान राजगढ़ रोड पर बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई वहीं दूसरे हादसे में उदयपुरवाटी के कहरोट निवासी 24 वर्षीय बजाज फाइनेंस में काम करने वाला बीएसएम ब्रांच सेल्स मैनजर राहुल बाईक पर सवार होकर तारानगर से साहवा जा रहा इसी दौरान चंगाई चौराहे के पास टैक्टर ने बाईक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में परिजनों की रिपोर्ट पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है एवं शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।
युवक की हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

### हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

**खिरोड़ ।** गोठडा थाना इलाके के भरवाडी गांव की कीर की ढाणी में 11 जनवरी को सड़क किनारे मिले युवक हंसराज कीर के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। युवक ने महिला के घर में सुसाइड किया था। महिला ने डेड बॉडी सड़क किनारे डालकर सबूत नष्ट करने का प्रयास किया था। साथ ही मृतक के मोबाइल से सिम निकाल उसे तोड़कर फेंका था। गोठड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कीर की ढाणी निवासी गीता देवी पत्नी स्व रमेश कुमार कीर है। पुलिस जांच में सामने आया कि गीता देवी की हंसराज से करीब ढाई साल से जान पहचान थी। दोनों के घर आस-पास में ही हैं। घटना के दिन 10 जनवरी की रात गीता देवी ने ही कॉल करके हंसराज को अपने घर बुलाया था। हंसराज ने गीता के घर पर ही खाना खाया। इस दौरान दोनों में किसी बात को लेकर तकरार हो गई। गीता नाराज होकर घर से बाहर चली गई। पीछे से हंसराज ने उसी के घर में टीन शैड के छप्पर में लगे पंखे के हुक से चुन्नी का फंदा लगा झूल गया। कुछ देर बाद जब गीता वापस घर आई तो हंसराज फंदे पर झूल रहा था। तब गीता ने डर व घबराहट में फंदे को दांतले से काटकर हंसराज को नीचे उतार लिया। उसके मुंह पर पानी डाला लेकिन तब तक हंसराज की मृत्यु हो चुकी थी। बाद में गीता शव को घसीटकर अपने घर से बाहर ले गई और खेमचंद के घर के पास सड़क किनारे डाल दिया। गीता ने हंसराज के मोबाइल फोन से सिम निकालकर तोड़कर फैंक दी। मोबाइल घर में छुपा दिया। डीएसपी राजवीरसिंह ने बताया कि महिला ने डेड बॉडी सड़क किनारे डालकर सबूत नष्ट करने का प्रयास किया। आरोपी महिला का मकान मृतक के घर के पास ही है, आरोपी महिला के पति की नौ साल पहले मौत हो चुकी है। कीर की ढाणी निवासी रणजीत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई हंसराज शराब के ठेके पर सेल्समैन का काम करता था। 10 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह खाना खाने के लिए बैठा था। उसी समय उसके फोन पर एक कॉल आई और वह फोन पर बात करते-करते घर से बाहर निकल गया। अगले दिन सुबह उसका सड़क किनारे शव मिला। रिपोर्ट में हत्या कर शव को घर के बाहर रोड पर पटकने की आशंका जताई थी।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**सीकर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर जिले के समस्त उच्च माध्यमिक राजकीय ,निजी विद्यालयों में स्कूल मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के सुदृढीकरण, सफल संचालन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, ईएलसी (स्कूल) नियुक्त किया है । उन्होंने बताया कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी ईएलसी (स्कूल) सीकर, जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी सीकर को सहायक नोडल अधिकारी, ईएलसी (स्कूल) में नियुक्त किया गया है।

### सर्दी से बचाव के लिए 10 हीटर किए भेंट

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।** स्थानीय राजकीय जिला चिकित्सालय में भामाशाह राकेश खाखल द्वारा सर्दी से बचाव के लिए 10 हीटर भेंट किए गए । जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अटल भास्कर ने बताया कि संस्थान से सेवानिवृत्ति पूर्व सीनियर नर्सिंग अधिकारी रामेश्वर सिंह थालौड़ द्वारा भामाशाह राकेश खाखल पुत्र करण सिंह निवासी पालड़ी एवं हाल प्रोपराइटर विधा क्लॉथ स्टोर लक्ष्मणगढ़ से संपर्क कर चिकित्सालय में मरीजों के हितार्थ हीटर देने हेतु प्रेरित किया गया। भामाशाह द्वारा बीमार मरीजों के सर्दी से बचाव हेतु चिकित्सालय में 10 हीटर भेंट किए गए । पीएमओ डॉ भास्कर ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रकट किया ।

### किसानों ने प्रशासन का पुतला दहन किया

**झुंझुनूं,।** 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति लगातार गांवों में 20 जनवरी के कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन को लेकर जन संपर्क कर रही है। संघर्ष समिति के प्रवक्ता कपिल ऐचरा ने बताया कि बुधवार को जेजूसर व तोगड़ा पंचायत के किसानों से सम्पर्क किया गया। सम्पर्क के दौरान किसान नेता मनोज बलौदा व सतीश ऐचरा ने किसानों को कहा कि अगर आज हम नहीं जगे तो आने वाले समय में ये कम्पनियां सरकारों के साथ मिलकर हमें जमीनों से बेदखल कर बंधुआ मजदूर रखने का काम करेंगी। हमारी खेती किसानी हमारे पूर्वजों ने जागीरदारों व रजवाड़ों से खूनी संघर्ष के बाद हासिल की थी। जिसे आज हम किसी भी हालत में इन कम्पनियों के हक्र में नहीं जाने देंगे। जनसंपर्क के दौरान विकास तोगड़ा व दीनू जाट ने सभी किसानों से आ ान किया कि जिस तरह गैस पाइपलाइन से प्रभावित किसानों की जमाबंदियों में तत्कालीन कलेक्टर व तहसीलदार ने कम्पनियों के साथ मिलीभगत कर नोट लगाकर किसान के हक को लूटा है। उसी तरह हमारे हक पर भी डाका डाला जाएगा। सभी एकजुटता से संघर्ष को मजबूत करो ताकि हमारे साथी किसानों की जमाबंदियों में से लगा हुआ नोट भी हटवाएंगे और प्रभावित भूमि का अधिकतम मुआवजा भी लेंगे। जनसंपर्क के बाद पुतला दहन करने के लिए तमाम किसान डाबड़ी के आम चौक में इकट्ठे हुए और संघर्ष को तेज करने का आ ान किया। संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा ने बताया कि गुरूवार को राणासर व बास नानग के किसानों से जनसंपर्क किया जाएगा। उसके बाद राणासर के आम चौक में प्रशासन का पुतला दहन किया जाएगा। जनसंपर्क व पुतला दहन के दौरान जस्सू डाबडी, प्यारेलाल बलौदा, महेंद्र, रायसिंह तोगड़ा, श्रीराम पायल, प्रदीप जांगिड़, दिनेश बलौदा, श्रवण बलौदा, प्रवीण, आजाद तोगड़ा, कबीर मीणा, मनीराम, कमलेश, बंटी डाबड़ी आदि मौजूद रहे।

### 50 यात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ

**मुकुंदगढ़,।** प्रयागराज महाकुंभ यात्रा के लिए बुधवार को श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ। श्री सिद्धेश्वर महादेव आश्रम के अभयनाथ ने बताया कि आश्रम के महंत चेतननाथ महाराज ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा के पहले जत्थे को रवाना किया। दूसरा जत्था 20 जनवरी को, तीसरा जत्था 25 जनवरी को, चौथा 30 जनवरी को, पांचवा पांच फरवरी को, अंतिम जत्था 10 फरवरी को रवाना होगा। महाराज ने कहा कि जो भी भक्तगण प्रयागराज महाकुंभ जाना चाहते हैं। अपना पहले से रजिस्ट्रेशन करवा कर इन जत्थों के साथ जा सकता है। जिसमें खाना व ठहरने की व्यवस्था आश्रम की ओर से निशुल्क की गई है। इस अवसर पर भास्कर दूलड़, राजेंद्र पोरवाल, सुरेश शर्मा नूआंवाले, भीमसिंह बड़गुर्जर, बनवारी जांगिड़, सुभाष शर्मा सहित भक्तगण मौजूद थे।

### कैप्टन सीताराम धींवा हुए सम्मानित

**कोलसिया,।** देश के सैनिकों के बलिदान और सेवा को समर्पित 14 जनवरी का दिन आर्मी डे के रूप में मनाया गया। इस दौरान सूचना केंद्र सभागार झुंझुनूं में वीरांगना एवं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद गुढ़ा ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन सीताराम धींवा मझाऊ सहित 45 वीरांगनाओं व 16 वॉलेंटियर्स का सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल पूनियां, झुंझुनूं तहसीलदार महेंद्र मूंड, लीग अध्यक्ष कैप्टन ताराचंद नूनियां आदि के आतिथ्य में किया गया।

# युवाओं के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करूंगा : जाखड़

**चूरू ।** स्थानीय नेहरू युवा केंद्र में बुधवार को खेल मंत्रालय भारत सरकार के जिला युवा अधिकारी एम. आर. जाखड़ का उपनिदेशक पद पर पदोन्नित होने पर भव्य अभिनंदन किया गया। लेखाधिकारी महेश कुमार सैनी ने बताया कि सरल स्वभाव के धनी एम आर जाखड़ का उपनिदेशक पद पर पदोन्नित होना हम सबके लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर युवा सलाहकार समिति सदस्य नीरज जांगिड ने कहा कि जाखड़ ने युवा अधिकारी रहते हुए युवाओं के लिए अनेक नवाचार किये तथा हर समय युवाओं के मार्गदर्शन व कार्य को संगम बनाने के लिए युवा मंडलों को प्रोत्साहित कर उल्लेखनीय कार्य किये हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उप निदेशक जाखड़ ने कहा कि सरकार ने जो नई जिम्मेदारी दी है,

**■ नेहरू युवा केन्द्र में उपनिदेशक पद पर पदौन्नित होने पर जाखड़ का किया अभिनंदन**

इसे मैं कंधे से कंधा मिलाकर उत्साह के साथ निर्वहन करूंगा और आने वाले समय में युवाओं के प्रति नये आयाम स्थापित करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर पूर्व लेखाधिकारी मधुसूदन आचार्य, शंकर लाल शर्मा, राजकुमार सहारण, उम्मेद कुमार, नेमीचंद, अनिल कुमार सहित नेहरू युवा केंद्र से जुड़े अनेक युवाओं ने जाखड़ का माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्ष लोकेश सैनी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# रितिक शर्मा का एनडीए में चयन

**सीकर ।** वर्तमान में चल रहे एनडीए 154 एसएसबी इंटरव्यूज में सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी व प्रिंस सैनिक स्कूल से एसएसबी में एक के बाद एक सलेक्शन होते जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रिंस एनडीए एकेडमी के रितिक शर्मा का एनडीए 154 एसएसबी में चयन हुआ है। इस चयन के माध्यम से रितिक को सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिलेगी। रितक मूलतः भवानीखेड़ा, भिवानी, हरियाणा का रहने वाला है। रितिक के पिता अनिल शर्मा सरकारी शिक्षक हैं एवं माता रितु शर्मा गृहिणी हैं। गौरतलब है कि प्रिंस एनडीए एकेडमी व प्रिंस सैनिक स्कूल में कक्षा 6 से 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को एनडीए यूपीएससी, एसएसबी एवं यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन के पैटर्न पर स्कूलिंग के साथ-साथ तैयारी करवाई जा रही है।

# दादी की दिव्य ज्योत रथ यात्रा 21 को पहुंचेगी चूरू

**चूरू ।** ढांढण शक्तिधाम में अखिल भारतीय मां टीडा गेला बसन्तोत्स्व परिवार व श्री ढांढण शक्ति भक्त मण्डल की ओर से रजत जयंती उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि दादी की दिव्य ज्योत रथ यात्रा का 41 वां ठहराव 21 जनवरी को चूरू में होगा। यह यात्रा सम्पूर्ण भारत भ्रमण करते हुए मंगलवार 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे धोली सती दादी मंदिर पहुँचेगी। जहां से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्गों से होते हुये श्री राम मंदिर पहुंचेंगी।

शोभायात्रा के बाद श्रीराम मंदिर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। भजन संध्या में विश्व विख्यात गायक कलाकार अपनी मधुर वाणी से

**■ विभिन्न कार्यक्रमों की होगी मनमोहक प्रस्तुतियां**

भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों ने बताया कि शोभायात्रा में गौ माता, ऊंट, घोडी, ढोल, बैंड वादक सहित अनेक मनमोहक झांकिया आकर्षण का केन्द्र होगी। गौरतलब है कि इसी क्रम में टीडा गेला दादी की ज्योत यात्रा गत 11 दिसंबर को ढाढण धाम से रवाना हुई थी, जो अठोहा, पानीपत, दिल्ली, वृंदावन, मथुरा, कानपुर, वाराणसी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सिलीगुड़ी, बंगाईगांव, उदालगुडी, इटानगर, डिब्रूगढ़, जोरहाट, नौगांव, कंकीधाम, कोलकाता, टाटानगर, रांची, सम्बलपुर, रायपुर, बिलासपुर, कटनी, भोपाल, उज्जैन, हैदराबाद, अनंतपुर, बेंगलुरु, बेलगाम, पुणे, मुम्बई, सुरत, अहमदाबाद, पाली, किशनगढ़, नावां, जयपुर, लक्ष्मणगढ़, चूरू, रतनगढ, फतेहपुर होते हुए रोलसाबसर पहुंचेंगी और आगामी 23 जनवरी को रोलसाबसर से विशाल पदयात्रा हजारों भक्तों, हाथी, घोडे, ऊंट नृत्य सहित विभिन्न झांकीयों के साथ टीडा गेला दादी के परम धाम ढ्रांढण पहुंचेंगी। आपकों बता दें कि आगामी 24 से 26 जनवरी को ढ्रांढण धाम में विराट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विख्यात गायकवृंद कविता पोडवाल, अनुप जलोटा, लखबीर सिंह लख्खा, किशन भगत एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

# महिला ने युवक पर किया कुल्हाड़ी से वार

**खेतड़ी ( निसं ) ।** थाना क्षेत्र के मिश्रावाली ढाणी में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस दौरान एक महिला ने युवक पर कुल्हाड़ी का वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनो पक्षों में पिछले कुछ दिनों से जमीन पर तारबंदी करने को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है।

सोशल मिडिया पर कुल्हाडी से वार करने का विडियो वायरल होने के बाद पुलिस दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एएसआई सुबेसिंह ने बताया कि ढाणी मिश्रावाली

**■ जमीन की तारबंदी व हरे पेड़ काटने का चल रहा है**

निवासी द्रोपती देवी पत्नी नागरमल ने 10 जनवरी को परिवाद दिया कि बुहाना मोड के पास उनकी जमीन है। जिस पर राजपाल नाम का व्यक्ति पेड काट रहा था। जब उसने पेड काटने के बारे में पुछा तो उसने बताया कि अनिल पुत्र संतलाल ने पेड काटने के लिए कहा है। महिला का आरोप है कि अनिल ने बिना किसी को बताए पेड कटवा दिए तथा जमीन पर कब्ज करना चाहता है। इसके बाद 12 जनवरी को वह अपने देवर के घर गई थी। इस दौरान जब उसने पेड काटने के लिए अनिल को कहा तो वह उसे गालिया देने लगा, जिससे गुस्से में आकर उसने कुल्हाडी के पिछे के हिस्से से गर्दन पर वार कर दिया। इस संबंध में अनिल कुमार ने रिपोर्ट दी कि वह अपने चाचा सोहनलाल के घर गया हुआ था। उस समय सुनिल पुत्र नागरमल, द्रोपती देवी पत्नी नागरमल उसके चाचा सोहनलाल से गाली गलौच कर रहे थे। जब उसने बीचबचाव किया तो सुनील ने उसे पकड लिया तथा द्रोपती देवी ने कुल्हाडी से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

# 130 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**चूरू ।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कबीर उच्च माध्यमिक विद्यालय में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू व अणुव्रत समिति के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। रेडक्रॉस सोसाइटी के जगदीश शर्मा ने बताया कि समिति अध्यक्ष जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की प्रेरणा से विद्यालय के 130 छात्रा-छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक बिजेंद्र दाधीच ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अणुव्रत समिति की संयोजिका रचना कोठारी, चांद छाजेड़, महेंद्र पारख, एडवोकेट ताहिर खान, संजय बरड़िया व लोकेश कोठारी थे।

# युवाओं के लिए सुनहरे अवसर

**सीकर ।** राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना राज्य के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है। यह योजना न केवल युवाओं को रोजगार के योग्य बना रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अठासर कर रही है।

के नेतृत्व में इस योजना के तहत राजस्थान के कोने-कोने में कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां युवाओं को उभरते हुए औद्योगिक क्षेत्रों के अनुरूप आधुनिक और प्रासंगिक कौशलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह योजना राज्य के युवा वर्ग के लिए रोजगार के बेहतर अवसर खोलने में मील का पत्थर साबित हो रही है। कौशल विकास योजना के तहत 223 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 123 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है, और योजना का लक्ष्य 30,000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है।

सक्षम के लिए 92 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 62 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है। इसका उद्देश्य 12,000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है। समर्थ में 241 आवेदन प्राप्त हुए हैं, और 159 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है। इसके तहत 8,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। एजेंसियों के लिए उच्च मानदंड : द्वारा इस योजना में भाग लेने वाली एजेंसियों के लिए उच्च मानदंड निर्धारित किए गए हैं। एजेंसियों के औसत वार्षिक टर्नओवर और सक्रिय कौशल विकास केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है।

# राजकीय स्कूल अब जानी जाएगी शहीद कुलदीप सिंह के नाम से

**खेतड़ी , ( निसं )** सिंघाना थाना क्षेत्र के घरड़ाना खुर्द की पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय स्कूल अब शहीद कुलदीप सिंह के नाम से जानी जाएगी। शिक्षा विभाग ने देर शाम को एक आदेश जारी कर स्कूल का नामकरण शहीद कुलदीप सिंह के नाम करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के साथ हैलिकॉप्टर क्रेश में शहीद हुए जिले के घरड़ाना खुर्द निवासी स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव को तीन साल बाद प्रदेश सरकार ने यह सम्मान दिया है। 8 दिसंबर 2021 को शहीद हुए कुलदीप सिंह राव की शहादत को चिर स्थायी बनाने के लिए गांव में एक स्टेडियम बनाने के साथ-साथ स्कूल के नामकरण की मांग उठ रही थी।

स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव की तीसरी पुण्यतिथि पर झुंझुनूं उपचुनाव में जीते विधायक राजेंद्र भांबू कार्यक्रम में गए तो उनके सामने भी ठाामीणों यह मांग उठाई थी। इस दौरान विधायक भांबू ने आश्वस्त किया था कि वे मुख्यमंत्री से इस मामले में बातचीत कर स्कूल का नामकरण जल्द करवाएंगे। आश्वासन के एक महीने के दरमियान ही विधायक भांबू ने इस मामले को लेकर 27 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इसके अलावा दो-तीन दिन बाद

**■ तीन साल से अटका था नामकरण**

**■ शिक्षा विभाग ने शहीद के नाम से करने के जारी किए आदेश**

मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में भी इस बात को पूरी मजबूती के साथ रखा तो शिक्षा विभाग हरकत में आया।

अब इस मामले में माध्यमिक शिक्षा निदेशक बीकानेर ने आदेश जारी किए है। जिसमें उन्होंने पीएमश्री महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम स्कूल घरड़ाना खुर्द का नाम स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव के नाम से करने के आदेश डीईओ मुख्यालय झुंझुनूं को दिए है। आपको बता दें के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में भांबू ने स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव की शौर्यता के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि पूर्व सरकार के मंत्री और नेताओं ने 2021 में शहादत के वक्त काफी आश्वासन परिवार व ठाामीणों को दिए थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। जिस पर पहले स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव के नाम से स्कूल का नामकरण करने की मांग की। स्कूल का नामकरण शहीद कुलदीप सिंह के नाम पर होने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

# नेता प्रतिपक्ष ने समस्याओं के बारे में अवगत कराया

**राजलदेसर ।** नगर पालिका में लंबे समय से अधिशासी अधिकारी का रिक्त पद चल रहा था बुधवार को नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी के पद पर कुंदन देथा ने पदभार ठाहण किया । पदभार ठाहण करने के बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने राजलदेसर कस्बे की विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिसमें उन्होंने कहा नगर पालिका में किसी तरह का कोई भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए साथ ही विकास कार्य में भेदभाव नहीं होना चाहिए इसके अलावा विभिन्न समस्या के बारे में अवगत कराया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए अगर अपात्र व्यक्ति इसका लाभ उठाता है तो इसका जमकर विरोध किया जाएगा । इसके अलावा कस्बे में सफाई व्यवस्था रोशनी व्यवस्था आदि के बारे में अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर लाल खडोलिया, पार्षद जयचंद महावर, पार्षद पवन प्रजापत, मदन दाधीच ,शिव भगवान सोनी आदि उपस्थित थे । इसी प्रकार कांठोस सेवा दल के अध्यक्ष लाभचंद सोनी ने नगर पालिका में लंबे समय से भ्रष्टाचार को लेकर अवगत कराया साथ ही कस्बे में बिना भेदभाव के विकास कार्य करने की बात कही इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी, पार्षद ताराचंद वाल्मीकि भी मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन



**चूरु के ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन हुआ।**

**चूरू ।** सेठ जयदयाल गोयनका की ओर से स्थापित गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा संचालित स्वामी रामसुखदास महाराज द्वारा सिंचित स्थानीय ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में चल रहे पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन बुधवार को बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. भवानीशंकर शर्मा ने बताया कि आश्रम में बुधवार को बालाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्वक आयोजित की गई। इस अवसर पर पं. रवि शर्मा, महेश गौड़ व आश्रम के ब्रह्मचारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत् पूर्जा-अर्चना कर मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा करवायी। इसके पश्चात ब्रह्मचारियों का यज्ञोपवीत संस्कार करवाकर ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान आश्रम के 131 ब्रह्मचारियों सहित आचार्य व शहर के गणमान्यजन उपस्थित थे। आश्रम के व्यवस्थापक ईश्वर सिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कोहरे का कहर : एक के बाद एक 12 वाहन भिड़े, कोई जनहानि नहीं

## दो ट्रकों में आग लगी, वहीं दो ट्रकों में सवार दो लोग घायल हो गए

- **अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के कारणा हादसा हुआ**
- **करीब पांच घंटे तक सात किलोमीटर लंबे जाम में कई वाहन फंसे रहे**

**सूरतगढ़,** (निसं)। क्षेत्र में अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे की वजह से एक के पीछे एक 12 वाहनों की टक्कर हो गई। इस दौरान 2 ट्रकों में आग लग गई। गनीमत रही कि इतने बड़े हादसे में किसी की जनहानि नहीं हुई। दो ट्रकों में सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें पीलीबंगा (हनुमानगढ़) के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर राजियासर, पीलीबंगा और हनुमानगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं आग बुझाने के लिए चार दमकलों को मौके पर बुलाया गया। दोपहर बारह बजे आग पर काबू पाने के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर एक बजे यातायात को सुचारू किया गया। इस दौरान करीब पांच घंटे तक सात किलोमीटर लंबे जाम में वाहन फंसे रहे।

जानकारी के अनुसार सुबह धुंध के चलते एक्सप्रेस वे पर ठेठार (सूरतगढ़) गांव के पास बीकानेर की ओर जा रहे लकड़ी के फट्टों से भरे एक ट्रक के पीछे कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद कंटेनर के केबिन में आग लगने से लकड़ी के फट्टों से भरे ट्रक में भी आग लग गई। वहीं, आग लगते देख ट्रकों के चालक केबिन से कूद गए। इस दौरान पीछे से आ रहे एक के पीछे एक अन्य वाहन भी टकराते गए। इनमें 8 ट्रक, 3 छोटे वाहन भी शामिल थे। हालांकि हादसे के दौरान घटनास्थल का थाना क्षेत्र क्लियर नहीं था, ऐसे में सबसे पहले हनुमानगढ़ जिले की पीलीबंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय से भी पुलिस का जाप्ता मौके पर पहुंच गया।

जानकारी मिलने पर श्रीगंगानगर जिले की राजियासर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। आग लगने वाले ट्रकों में सवार दो जनों को पीलीबंगा के राजकीय चिकित्सालय में भिजवाया गया। वहीं, पुलिस की सूचना पर सूरतगढ़ सिटी की एक, थर्मल पावर प्लांट की एक और पीलीबंगा से पहुंची दो दमकलों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। पुलिस के मुताबिक लकड़ी से भरे ट्रक की आग पर काबू पाने के बाद पीछे भिड़ने वाले कंटेनर ट्रक के लॉक को तोड़कर उसमें आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। दोपहर बारह बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस दौरान करीब पांच घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर दोपहर एक बजे यातायात को सुचारू करवाया गया। इस दौरान पांच घंटे तक सात किलोमीटर लंबे जाम में वाहन फंसे रहे। वाहनों को साइड में करवाकर यातायात सुचारू करवाने से पहले रूट डायवर्ट कर वाहनों को निकाला गया।

## प्रतिबंधित कोडीन सिरप सहित तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान कार व उसमें रखी प्रतिबंधित कोडिन की छह दर्जन शिशियां जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर प्रताप नगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने रकमपुरा एरिया में नाकाबंदी के दौरान दीपचन्द्र गमेती व रामलाल गमेती के कब्जे से मिली कार से कोडीन युकत कफ सिरप की 73 शिशियां जब्त कर खरीदने वाले सहित तीन आरोपी दीपचन्द्र पुत्र लक्ष्मीलाल गमेती निवासी खरबडिया थाना हिरणमगरी, रामलाल पुत्र गोपाल गमेती निवासी मेहरों का गुडा सुखेर, निलेश डांगी पुत्र भेरूलाल डांगी निवासी लकड़वास प्रतापनगर को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि निलेश डांगी के कहने पर आरोपी दीपचन्द्र व रामलाल गमेती कोडीन युक्त कफ सिरप राजसमंद क्षैत्र से खरीद कर उदयपुर शहर व आसपास क्षैत्र में सप्लाई करना स्वीकार किया।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- अ.अ./विद्युत-II/राजकाज 12991202 दिनांक :- 14/01/2025

**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन विद्युत-II/08/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से मुहरबंद निविदाएं आंमत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB CODE :- JOD2425A0149

UBN/TENDER ID :- JOD2425WSOB00324, JOD2425WSOB00325

कार्य की अधिकतम अनुमानित लागत – रूपये 1,79,34,361/–

राज.संवाद/सी/24/10318 अधिशाषी अभियंता (विद्युत-II)

**कार्यालय नगर निगम जोधपुर उत्तर**

(नगर निगम भवन, पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर के अन्दर गौरव पथ जोधपुर)

(www.nnjnorth.raj.nic.in Tel: 0291-2651483)

क्रमांक :- 5451 दिनांक :- 14/01/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर निगम जोधपुर उत्तर की ओर से 8 सिवर जेट कम सक्सन (8500 ltr.), डम्प टंक के साथ सुपर सकर मशीनों के रखरखाव हेतु निविदाऐं अनुभवी एवं योग्य प्रतियोगियों से ई निविदा प्रक्रिया से आंमत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in, www.urban.rajasthan.gov.in/mcjn एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

UBN No. : DLB2425WSOB14999

राज.संवाद/सी/24/10335 आयुक्त

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/240 - 242 Date : 13/01/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 65/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित कार्यो उल्लेखित अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | रूपये 50.00 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि | 13.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 16.01.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | 13.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 16.01.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | 16.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425SLOB00445

राज.संवाद/सी/24/10315 अधिशाषी अभियन्ता - चतुर्थ उदयपुर विकास प्राधिकरण


## पतंगबाजी के दौरान दो पक्षों में मारपीट

**उदयपुर,** (निसं)। सूरजपोल थाना क्षेत्र में पतंग उड़ाते समय दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसको लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम सूरजपोल थाना क्षेत्र रेलवे स्टेशन कच्ची बस्ती क्षेत्र में पतंगबाजी करने के दौरान पतंग कटने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई।

इस मामले में रज्जाक पुत्र यासिर मो. निवासी रेलवे स्टेशन के सामने कच्ची बस्ती सूरजपोल ने अरूण, सुनिल व साथियों के खिलाफ पीड़ित के पुत्र के साथ मारपीट करने का एवं सुनिल वागरी ने भी रज्जाक व साथियों के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले की जांच एएसआई तेजसिंह कर रहे हैं। वहीं बाघपुरा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पीड़ित के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रवण कुमार पुत्र भरत पारगी निवासी पालावाड़ा वाघपुरा ने आरोपी राजु भीमराज डामोर, सुरेश, लोकेश व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि 14 जनवरी को मैं पालावाड़ा से उदयपुर जाने के लिए पैदल पालियाखेड़ा पहुंच वाहन की प्रतिक्षा कर रहा था। इस दौरान तीन बाइक पर आए आरोपी व साथियों ने मुझे रोक मारपीट की तथा मेरा मोबाइल लूट ले गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# बाइक सवार से नौ लाख रूपये की लूट

## बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया

- **पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले**

**नोखा,** (निसं)। नोखा में दो बदमाशों ने एक बाइक सवार व्यक्ति से 9 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने बदमाशों के खिलाफ मंगलवार रात को नोखा थाने में मामला दर्ज कराया है। घटना 14 जनवरी रात 9.30 रात की है।

बीकानेर के नत्थूसर बास निवासी मांगीलाल रामावत ने रिपोर्ट में बताया कि उसके रिश्तेदार अरुण स्वामी निवासी रंगा कॉलोनी बीकानेर जो वर्तमान में दुबई में रहते है। 14 जनवरी को सुबह उन्होंने फोन कर उसे कहा कि उसके जानकार नोखा के रानाराव तालाब के पास के निवासी कानाराम जाट से आपको नौ लाख रुपए लेकर आने हैं। तब वो शाम को बीकानेर से नोखा के लिए रवाना हुआ था, जहां पर सीओ ऑफिस वाली गली के पास उतरकर वो कानाराम जाट के घर चला गया था जिनको वो पहले से जानता है। उसने भी कानाराम के साथ दुबई में काम किया था। उसके घर पर उसे कानाराम मिला था, उसने नौ लाख रुपए नगद दिए थे। जिसके बाद कानाराम ने शाम को सवा सात बजे उसे बस स्टैंड नोखा पर बीकानेर जाने के लिए छोड़ दिया था। उसके बाद अरुण स्वामी ने फोन कर कहा कि पैसे को सही ढंग में गिन लेना। तब हम पैसे गिनने के लिए वापस कानाराम जाट के साथ ही उसके घर पर चले गये थे। फिर उसने कानाराम के घर पर पैसे को थैली से निकालकर गिने थे तथा कानाराम जाट कुछ काम का कहकर घर में चला गया था। रात को करीब नौ बजे कानाराम जाट वापस अपने घर पर आया था, तब कानाराम को उसने कहा कि आप मुझे बीकानेर के लिए बस तक छोड़ दो।

रिपोर्ट में बताया कि तब करीब 9.30 रात को कानाराम उसे अपनी बाइक से छोडने के लिए उसके घर से रवाना हुए थे तभी हम उसके घर से करीब 400 मीटर दूरी पर निकले तो उनके पीछे से एक बाइक पर दो व्यक्ति आए और हमारी बाइक को लात मार कर गिराने का प्रयास किया लेकिन हम कुछ दूरी पर आगे आ गए तभी उन्होंने वापस मेरी बाइक को टक्कर मारी। जिससे हम नीचे गिर गए और बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति ने नौ लाख रूपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए, जिसके बाद बदमाशों के खिलाफ नोखा थाने में मामला दर्ज कराया है। थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि बदमाशों की धरपकड़ के लिए दो टीमों गठित की गई है। रात को क्षेत्र में नाकाबंदी कराई गई थी। शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।


**कार्यालय अधीाण अभियन्ता, स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत्त जालौर**

दूरभाष नं.02973-223548,E-mail:secircle.jal.phed@rajasthan.gov.in/ sephedjalore@yahoo.com

क्रमांक- वृत्त/जालोर/निविदा/ /2024-25/2712-19 दिनांक-03.01.2025

**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 24/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 नियम 334 (ए) (iii) के तहत रू. 150.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाअताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/संगठनों केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों में उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है-

| बिड संख्या | NIB No. PHE2425 WSRC08144 | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24/2024-25 | UBIN No. PHE2425A3837 | 75.00 | 150000/- | 2000/- | 1500/- | 12 माह |

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | 10.01.2025 |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 30.01.2025 को 6.00 पी.एम. |
| ऑनलाईनबिड खोलने की तिथि | 31.01.2025 को 3.00 पी.एम. |

बिड से संबंथित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(रमेश चन्द मीना) अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, वृत-जालोर

DIPR/C/523/2025


# व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाकर महिला ने आत्महत्या की

## महिला ने अपने ही घर में बने कुंड में छलांग लगाकर आत्महत्या की

- **महिला ने स्टेटस पर लिखा 'ससुर और ननद के दुख से अपनी जान दे रही हूं, आई मिस यू मम्मी-पापा, मेरी सास को हथकड़ी का बहुत शौक है, वह जरूर डालना'**

**बीकानेर,** (निसं)। एक महिला ने घर में बने कुंड में कूदकर आत्महत्या कर ली। उसने मौत से पहले अपने व्हाट्सएप पर स्टेटस भी लगाया। इसमें लिखा कि 'ससुर और ननद के दुख से अपनी जान दे रही हूं। आई मिस यू मम्मी-पापा। मेरी सास को हथकड़ी का बहुत शौक है, वह जरूर डालना।' घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को श्रीकोलायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मृतका के पिता ने हदां थाने में बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बेटी के ससुर छैलू सिंह, सास कमा कंवर और ननद सोनू कंवर पर दहेज के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है।

एडिशनल एसपी कैलाश सांदु ने बताया कि मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले की जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पिता देवी सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन मेरे बेटे मूल सिंह ने बहन दुर्गा का स्टेटस देखा था। इसके बाद उसने परिवार को बताया। स्टेटस पर लिखा था कि 'ससुर और ननद के दुख से अपनी जान दे रही हूं। आई मिस यू मम्मी-पापा। मेरी सास को हथकड़ी का बहुत शौक है, वह जरूर डालना।' बेटी के नंबर पर कॉल किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ था।

गांव के लोगों से संपर्क किया तो पता चला कि उसने घर में बने कुंड में कूदकर आत्महत्या कर ली है। पिता देवी सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी दुर्गा कंवर की शादी 18 जुलाई 2021 को हदां के सियाणा गांव में दिलीप सिंह के साथ हुई थी। इसके बाद से ही बेटी को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। इस मामले को रिश्तेदारों के बीच भी लाया गया, ताकि ससुराल वालों को समझा सके। इसके बाद सास-ससुर के आश्वासन के बाद उसे ससुराल भेजा गया। इसके बाद भी ससुराल वाले नहीं माने और बेटी को परेशान करते रहे। तंग आकर उसने सुसाइड कर लिया।

## खिलाड़ी की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। कोटडा में आयोजित फुटबॉल मैच के दौरान सीने पर बॉल लगने से एक खिलाड़ी की मौत हो गई। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष वनवासी कल्याण परिषद की ओर से कोटड़ा कस्बे में स्थित खेल मेदान पर फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान उपला थला की टीम से खेलने वाले नीचला थला निवासी शांता (40) पुत्र सका वडेरा के सीने पर बॉल लगने से वह अचेत हो गया। इसको देख उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति घायल

**जयपुर।** चाकसू थाना इलाके से ससुराल से लौट रहे बाइक सवार दंपती को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जयपुर रेफर किया गया है। यह हादसा मंगलवार रात को चाकसू के टोंक रोड स्थित बड़ली मोड़ पर हुआ। जांच अधिकारी एएसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि लक्ष्मण गुर्जर (58) अपनी पत्नी प्रेम देवी (55) के साथ ससुराल सांवलिया से अपने गांव बड़ली लौट रहे थे। इस दौरान जयपुर से टोंक की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दंपती को चाकसू उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रेम देवी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण गुर्जर को इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,**

अजमेर वृत, लोहाखान, टेम्पों स्टेण्ड के पास, अजमेर

दूरभाष नं.0145-2970165, E-mail address:sealm.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक- अधी/अके-है.प/2024-25/11109-13 दिनांक-08.11.2025

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निविदा संख्या 21 से 23/2024-25 व 24/2024-25 पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से आनलाइन सिस्टम ई-प्रोक्यूरमेन्ट वेवसाईट पर आमंत्रित की जाती है। इन सभी निविदाओं की अनुमानित लागत रूपए 395.31 ला है।

विस्तृत निविदा सूचना संख्या 21 से 23/2024-25 एवं 24/2024-25 जन सम्पर्क निदेशालय की वेबसाइट पर तथा निविदा प्रपत्र वेबसाइट एसपीपीपी, राजस्थान तथा ई-प्रोक्यूरमेण्ट वेबसाइट से वर्णित तालिका अनुसार डाउनलोड एवं इसी समय तक बिड प्रस्तुत की जा सकती है एवं निविदाओं की तकनीकी बिड खोली जाएगी।

| क्र.सं. | | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 2 से 23/2024-25 |
| 2 | निविदा डाउनलोड कर अपलोड किए जाने की अंतिम तिथि | 16.1.25 को सायं 6.00 बजे तक |
| 3 | ऑनलाइन निविदाएं खोले जाने की तिथि | 17.1.25 को अपरान्ह 3 बजे |
| 4 | सभी निविदाओं की अनुमानित लागत | रूपए 390.00 लाख |
| क्र.सं. | | विवरण |
| 1 | निविदा संख्या | 24/ 2024-25 |
| 2 | निविदा डाउनलोड कर अपलोड किए जाने की अंतिम तिथि | 23.1.2025 को सायं 6.00 बजे तक |
| 3 | ऑनलाइन निविदाएं खोले जाने की तिथि | 24.1.2025 को प्रात 11.00 बजे |
| 4 | निविदा की अनुमानित लागत | रूपए 5.31 लाख |

उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन वैबसाईट एस.पी.पी.पी. पर तथा निविदा प्रपत्रों का प्रकाशन निम्नतालिका अनुसार किया गया है, जो निम्नानुसार है-

| S.No. | NIT Number | spppID Number | UBN Number |
|---|---|---|---|
| 1 | 21/2024-25 | PHE2425A3807 | PHE2425WSOB08044 |
| 2 | 22/2024-25 | PHE2425A3807 | PHE2425WSOB08045 |
| 3 | 23/2024-25 | PHE2425A3807 | PHE2425WSOB08046 |
| 4 | 24/2024-25 | PHE2425A3825 | PHE2425WSOB08109 |

(रामचन्द्र राइ) अधीण अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग,वृत्त-अजमेर

DIPR/C/522/2025


# डकैती की योजना बनाते हिस्ट्रीशिटर सहित पांच गिरफ्तार

## कार, बंदूक, वॉकी-टॉकी व वायरलेस सेट जब्त

**उदयपुर,** (निसं)। कोटड़ा थाना पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हिस्ट्रीशिटर सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से कार व टोपीदार बंदूक, एक पिस्टल, दो देशी कट्टा, बारा बोर देशी कट्टा, दो वॉकी टोकी, दो वायरलेस सेट बरामद। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरक्ति पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, कोटड़ा थानाधिकारी अशोकसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने डीएस टीम टीम के जवान चन्द्र कुमार की सूचना पर निचली सूबरी सुनसान रोड़ पर बिना नंबर की कार में बैठे हिस्ट्रीशिटर चेतन बूमडिया व उसके साथी मोईनुद्दीन शेख, रवि कुमार, सोहेब उर्फ कूल, श्रवण लौहार को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से टोपीदार बंदूक, एक पिस्टल, दो देशी कट्टा, बारा बोर देशी कट्टा मिला, दो वॉकी टोकी, दो वायरलेस सेट बरामद कर किया।


राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.I.अ. नीलामी (ML. Bajri 02) /2025/ई-09783

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान ानिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिज बजरी के खननपट्टों के आवंटन के लिए निम्नांकित प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | प्लॉटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| भीलवाड़ा | काछोला,कोटडी | थलखुर्द, कंकरोलिया घाटी | 1 |
| | | थालखुर्द, हस्ताडा, कंकरोलिया घाटी | 1 |
| | | थलकलां, हस्ताडा | 1 |
| | | लक्ष्मीपुरा, कंकरोलिया घाटी | 1 |
| पाली | मारवाड जंक्शन | बिठुडा कला | 1 |
| | | देवली, वाडिया व बांता | 1 |
| | | नया गांव व बांता | 1 |
| | | नया गांव, बाडिया व बांता | 1 |
| जालोर | आहोर | ऊण | 1 |
| | | ऊण व भागली पुरोहितान | 1 |
| | | भागली पुरोहितान | 2 |
| टोंक | टोंक | मोहम्मद नगर, तालिबपुरा | 1 |
| | | छान, अरनिया नील, अमीरपुर खेडा | 1 |
| | | तालिबपुरा, अमीनपुरा, नवाबपुरा | 1 |
| | | अरनिया नील, मेहन्दवास, अमीनपुरा | 1 |
| | | योग | 16 |

विशेष नोट-1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd. की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

DIPR/C/551/2025 (भगवती प्रसाद) IAS, निदेशक



**कार्यालय नगर निगम, पाली (राज.)**

(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सूरजपोल के पास, पाली, पिनकोड-306401) टेली-फैक्स:- 02932-250033, ई-मेल :- cmcpali@yahoo.co.in

क्रमांक :- प. 15/विद्युत/2024/162 दिनांक :- 10/01/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर परिषद पाली में विद्युत कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा सम्बन्धी जानकारी व अन्य शर्ते परिषद कार्यालय एवं एवं वेबपार्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल व http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No. : DLB2425SLRC14874 के जरीये देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/10327 आयुक्त नगर निगम पाली

**RAJASTHAN AGRICULTURE RESEARCH INSTITUTE**

(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER) DURGAPURA, JAIPUR

No. : F.9 ( ) SKNAU/DIR-RARI/Estt.I/2025/152 Dated : 13/01/2025

**ADVERTISEMENT**

Applications are invited for five YP-2 in Center of Excellence for Tissue Culture at RARI, Durgapura-Jaipur. For details login the University website: sknau.ac.in.

Raj.Samwad/C/24/10324 DIRECTOR

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/राजकाज 12976078 दिनांक :- 13/01/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 37/2024-25**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 309.55 लाख की ई–निविदा दिनांक 27.01.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2425WSOB00213 - 223

राज.संवाद/सी/24/10316 अधिशाषी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपुरा**

क्रमांक-1847 दिनांक-08.01.2025

**निविदा सूचना संया 13/2024-25 खण्ड मालपुरा**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड मालपुरा में सडक/भवन निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए", "बी", "सी",, "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर दो जा सकता है।

NIB CODE- PWD2425A3704, 1. PWD2425LRC13457, 2. PWD2425LRC13458, 3. PWD2425LRC13459, 4. PWD2425LRC13460, 5. PWD2425LRC13461, 6. PWD2425LRC13462

अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड मालपुरा

DIPR/C/468/2025


# पांच लाख की अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार



मण्डाना पुलिस ने एक किलो अफीम सहित तस्करों को गिरफ्तार किया।

- **जम्मू नंबर की कार से एक किलो अफीम मध्यप्रदेश से जम्मू ले जा रहे थे**

**कोटा,** (निसं)। कोटा ग्रामीण की मण्डाना पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक कार से 1 किलो 15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (अफीम) सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई अफीम का अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य पांच लाख रुपये बताया गया है।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए कोटा ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक राजेश ढाका के सुपरविजन में मण्डाना थानाधिकारी अजय शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए एक कार को जप्त कर 1 किलो 15 ग्राम अफीम सहित दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

मंडाना थानाधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कोटा-झालावाड़ हाईवे पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान जम्मू नंबर की एक बोलेरो कार झालावाड़ की तरफ से आती हुई नजर आई। कार को रोककर चैकिंग की गई, तो कार में से 1 किलो 15 ग्राम अफीम बरामद हुई। थानाधिकारी ने बताया कि अफीम बरामद होने पर कार में सवार जिला जम्मू-कश्मीर के अजीत सिंह नगर निवासी सिमरनजीत सिंह (24) एवं गजिन्दर सिंह (49) को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अफीम मध्यप्रदेश से जम्मू ले जा रहे थे। थानाधिकारी ने बताया कि पकड़ी गई अफीम की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत पांच लाख रूपये हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पूछताछ की जा रही है।

## ट्रैक्टर ने बालक को कुचला

**उदयपुर,** (निसं)। सविना थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर ने चार वर्षीय बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार सांय सविना थाना क्षेत्र तीतरड़ी में स्कॉलर्स एरिना स्कूल के पास ट्रेक्टर चालक ने चार वर्षीय मासूम को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक पिता अपने पुत्र को ट्रेक्टर पर बिठा कर ले जा रहा था। इस दौरान संतुलन बिगड़ने पर उसका पुत्र नीचे गिर पड़ा। जिससे ट्रॉली के टायर से कुचला जाने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।


**राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2024**

RAJASTHAN ELIGIBILITY EXAMINATION FOR TEACHERS (REET)-2024

(माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर)

राजीव गाँधी विद्या भवन, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कॉलोनी, सिविल लाइन्स, अजमेर-305001

Website : http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी लिंक REET-2024

Email ID : rajreetbser2024@gmail.com फोन नं. (0145) 2630436, 2630437

**रीट आवेदन पत्रों में ऑनलाईन संशोधन हेतु**

दिनांक : 17.01.2025

रीट परीक्षा 2024 हेतु जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन की अंतिम दिनांक 15.01.2025 तक चालान जनरेट कर परीक्षा शुल्क जमा करा दिया है एवं आवेदन पत्र नहीं भरा अथवा आवेदन पत्र सबमिट कर प्रिंट नहीं लिया है तो ऐसे अभ्यर्थियों को दिनांक 17.01.2025 से दिनांक 19.01.2025 रात्रि 12.00 बजे तक आवेदन पत्र भरने अथवा सबमिट कर प्रिंट लेने का अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है **साथ ही ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने परीक्षा केन्द्र प्राथमिकता में उन 9 जिलों को अंकित कर दिया है जिन्हें राज्य सरकार ने निरस्त कर दिया है वे केवल अपने परीक्षा केन्द्र की प्राथमिकता में निशुल्क संशोधन दिनांक 17.01.2025 से दिनांक 19.01.2025 तक कर सकते हैं।**

ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्होंने आवेदन पत्र भरने में त्रुटि की है अथवा त्रुटि रह गई है उन्हें भी संशोधन का अंतिम अवसर दिनांक 17.01.2025 से दिनांक 19.01.2025 रात्रि 12.00 बजे तक संशोधन शुल्क रूपये 200/- का चालान बनाकर जमा कराना होगा। चालान वेरिफाई होने के पश्चात संशोधन शुल्क का चालान नम्बर, आवेदन पत्र/रजिस्ट्रेशन क्रमांक, माता का नाम, जन्म दिनांक आदि भरने पर एवं ओटीपी वेरिफाई करने पर आपका आवेदन पत्र खुल जायेगा। आप अपने नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म दिनांक, मोबाईल नम्बर, परीक्षा लेवल एवं परीक्षा केन्द्र का प्राथमिकता क्रम में कोई संशोधन नहीं कर पायेंगे। इसके अतिरिक्त आप अन्य प्रविष्टियों में संशोधन कर सकते हैं। संशोधन दिनांक 17.01.2025 से दिनांक 19.01.2025 रात्रि 12.00 बजे तक ही किया जा सकेगा।

समन्वयक

# जल संरक्षण का सामाजिक आंदोलन बन रहा कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान : भजनलाल शर्मा

## पहले प्याऊ बनवाते थे, अब धरती की प्यास बुझाने के लिए रिचार्ज स्ट्रक्चर बनवाएं : सी. आर. पाटिल

**जयपुर।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान सबसे अधिक पानी वाला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन भी जल की एक-एक बूंद के महत्व को समझते हुए जल संचय में जुड़े, इस उद्देश्य से शुरू किया गया कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

सीआर पाटिल ने बुधवार को राजकीय महाविद्यालय सांगानेर में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वर्षा जल संचयन के कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि राज्य में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री ने राज्य को संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी) के रूप में बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि 70 हजार करोड़ रुपये लागत की इस परियोजना में राज्य सरकारों पर मात्र 10 प्रतिशत ही वित्तीय भार आएगा और 90 प्रतिशत अंशदान केन्द्र सरकार देगी। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते से शेखावाटी क्षेत्र की जल समस्या का भी स्थायी समाधान हो जाएगा।

पाटिल ने कहा कि राजस्थान के लोगों से अधिक पानी के महत्व को कोई नहीं समझ सकता है। पहले के समय में राजस्थानी लोग जहां भी जाते थे वहां प्याऊ बनवाते थे। लेकिन अब प्याऊ की जगह धरती की प्यास बुझाने के लिए वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनवाने की जरूरत है ताकि हर गांव का पानी गांव में, हर खेत का पानी खेत में और हर घर का वर्षा जल घर में ही जमीन में उतर सके। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनूठी संकल्पना 'कैच द रेन' से प्रेरित है। इस अभियान में राजस्थान में 45 हजार रैन वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर वर्ष 2027-28 तक बनाए जाने हैं, जो वर्षा का पानी संग्रहित कर भूमिगत पानी के स्तर को बढ़ाएंगे। देशभर में 10 लाख रैन वाटर रिचार्ज बोर के लक्ष्य के साथ चलाया जा रहा यह अभियान जन भागीदारी से जन आंदोलन में परिवर्तित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान के उद्यमी और भामाशाहों को इस अभियान में जोड़ने के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जल संचय के कार्यों के शुभारंभ के लिए बारिश आने से बेहतर और कोई शुभ संकेत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जल संसाधनों की सीमितता को देखते हुए वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकना और संरक्षित करना आवश्यक है। इसी दिशा में 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से जल संचयन के कार्यों को सशक्त बनाने के इस अभियान में प्रवासी राजस्थानियों का भी अहम सहयोग प्राप्त हो रहा है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार और जन भागीदारी के साझा प्रयासों से सांगानेर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए एक आदर्श बनेगा। इसी तरह प्रदेश के हर कोने में जल संचयन के कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक, गांव, पंचायत, कस्बा और शहर इस अभियान का हिस्सा बने और जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में योगदान दे। कार्यक्रम की शुरूआत में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्षा जल संचयन के कार्यों का विधिवत् भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल मंत्री कन्हैया लाल, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी एवं भू-जल भास्कर ए. सावंत सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



**कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के अंतर्गत सांगानेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल का स्वागत किया।**

**■ 'प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबसे अधिक पानी वाला राज्य होगा राजस्थान'**

# वन नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत विधानसभा का सदन हो रहा है डिजिटल : देवनानी



**विधानसभा के सदन में आयोजित समारोह में लगभग एक सौ दस विधायकों ने बुधवार को आइपेड के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण लिया।**

**■ 'तकनीकी युग की आवश्यकता अनुसार राजस्थान विधानसभा को बनाया जा रहा है पेपरलैस'**

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि इस सूचना एवं तकनीकी युग में डिजिटल पद्धति से कार्य किया जाना समय की आवश्यकता है। राजस्थान विधान सभा भी इस क्षेत्र में निरंतर आगे बढे, इसके लिये वन नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत विधान सभा में यह प्रयास किया जा रहा है। राजस्थान विधान सभा का सदन सूचना तकनीक के साथ नये कलेवर में तैयार हो गया है। सदन में 200 विधायकों की सीटों पर आईपेड लगाये गये है। इन आईपेड के माध्यम से विधायकगण सदन में ऑनलाईन पद्धति से विधान कार्यों का सम्पादन कर सकेगें।

देवनानी की अध्यक्षता में विधान सभा के सदन में आयोजित समारोह में लगभग एक सौ दस विधायक ने बुधवार को आइपेड के माध्यम से सदन से संबंधित कार्यों को करने का एक दिवसीय प्रशिक्षण लिया। लोक सभा सचिवालय से आये नेता और एनआईसी के अधिकारियों ने तकनीकी प्रशिक्षण दिया। विधायक को विधान संबंधी कार्य सम्पादित करने के लिये आईपेड पर दिये गये भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अब विधायक ऑफलाइन के साथ-साथ नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पद्धित से भी कार्य सम्पादित कर सकेगे। देवनानी ने कहा कि वन नेशन- वन एप्लीकेशन नेवा के तहत राजस्थान विधान सभा के सदन में भी लोक सभा व राज्य सभा की तर्ज पर विधान संबंधी कार्य होगें।

देवनानी ने कहा कि विधानसभा के सभागार में सदस्यों की सीटों पर कम्प्यूटर उपकरण स्थापित करने और विधानसभा सचिवालय को पेपरलैस किये जाने हेतु नेवा प्रोजेक्ट के तहत विधायक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के तहत विधान सभा को डिजिटलाईज परियोजना के तहत केन्द्र व राज्य सरकार के वित्त का उपयोग 60 व 40 के अनुपात में किया गया है।

देवनानी ने बताया कि सदन में विधायक की प्रत्येक सीट पर एक आई-पैड लगाया गया है। एक लैपटोप मय प्रिन्टर विधायकगण को उनके आवास के लिए भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस परियोजना में 12.61 करोड़ रूपये की राशि व्यय हुई है। इस राशि में 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार एवं 40 प्रतिशत भागीदारी राज्य सरकार की है।

देवनानी ने बताया कि विधानसभा में नेवा सेवा केन्द्र (ई लर्निंग कम ई-फैसिलेशन सेन्टर) की भी स्थापना की जा रही है। इस केन्द्र के तकनीकी अधिकारी विधायक, अधिकारियों व कर्मचारियों को नेवा मॉडूयल्स की जानकारी उपलब्ध करायेगें। केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण सामठी अग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जायेगी।

देवनानी ने कहा कि सत्र के दौरान विधायकगणों की सुविधा के लिए प्रोजेक्ट के तहत सदन में सहायता उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहेंगे। जिस भी विधायकगण को ऑनलाईन कार्य करने में असुविधा होगी उसके लिए मौके पर ही तकनीकी सहायता उपलब्ध करा दी जायेगी।

## 'दौसा के समरावली गांव में 4 एकड़ जमीन पर एक माह में कब्जे हटायें'

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में दौसा जिले से सबरावली गांव में करीब 4 एकड़ सवाई चक जमीन पर से अतिक्रमण हटाने के संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले पर न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव और उमाशंकर व्यास ने सुनवाई करते हुए आदेश दिये हैं कि अदालती आदेश तहसीलदार और एस.डी.ओ. को मिलते ही एक माह में अतिक्रमण हटाये।

उक्त जमीन पर तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाने के संबंध में 10 सितम्बर 24 को आदेश जारी कर दिये गये थे। याचिकाकर्ता राजेश कुमार, ज्ञानसिंह गुर्जर, संपतराम शर्मा और नाथूराम गुर्जर ने जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं के वकील अनुराग कलावटिया ने अदालत को इस सत्य से अवगत कराया कि तहसीलदार के आदेशों के बावजूद उक्त जमीन से अतिक्रमण इसलिये नहीं हटाया जा रहा है क्योंकि राजस्व अधिकारियों को बार-बार गुहार करने के बावजूद पुलिस सुरक्षा नहीं दी जा रही है। उन्होंने अदालत को बताया कि तहसीलदार के आदेश से जाहिर है कि जिला दौसा के सबरावली गांव में खसरा नम्बर 407 सवाई चक जमीन है जिस पर अतिक्रमण जारी है और याचिकाकर्ताओं द्वारा जिला मजिस्ट्रेट और डी.एस.पी. को बार-बार पत्र लिखने के बावजूद अतिक्रमण हटाने के लिये पुलिस सुरक्षा नहीं दी जा रही है। अदालत ने कहा कि अतिक्रमणकारियों को किसी भी अपील में या अन्य मामले में तहसीलदार के आदेश के खिलाफ स्टे नहीं मिला है। इसलिये उनके खिलाफ आदेशानुसार तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिये।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में 52 अफसरों का तबादला

**■ अति. निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा को पुलिस मुख्यालय में लगाया, जबकि संयुक्त निदेशक रजनीश शर्मा को विज्ञापन शाखा की जिम्मेदारी सौंपी**

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार ने बुधवार को आदेश जारी कर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के 52 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें अतिरिक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, जनसंपर्क अधिकारी और सहायक जनसंपर्क अधिकारी शामिल हैं।

आदेश के मुताबिक अतिरिक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा को पुलिस मुख्यालय जयपुर, संयुक्त निदेशक नर्बदा इंदौरिया को पत्र-पंजीयन शाखा मुख्यालय जयपुर, मनमोहन हर्ष को प्रस्थापन शाखा मुख्यालय जयपुर, जसराम मीणा को मुख्यालय में न्यूज मॉनिटरिंग व अभिलेखागार शाखा तथा रजनीश शर्मा को मुख्यालय जयपुर में विज्ञापन शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार उपनिदेशक श्रवण कुमार चौधरी को सूचना एवं जनसंपर्क मुख्यालय जयपुर में क्षेत्र प्रचार शाखा, क्षिप्रा भटनागर को पत्र पंजीयन शाखा, हेमंत सिंह को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जयपुर, डॉ. रविन्द्र सिंह को मुख्यालय जयपुर में आयोजना शाखा में लगाया है। उपनिदेशक हरिशंकर आचार्य को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बीकानेर में लगाते हुए स्कूल शिक्षा परिषद् बीकानेर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। तरूण कुमार जैन को मुख्यालय जयपुर में ईएनजी शाखा में लगाते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

सहायक निदेशक अजय कुमार को मुख्यालय जयपुर में पत्र-पंजीयन शाखा में लगाते हुए पत्रकार शाखा व जल संसाधन विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। दयाशंकर शर्मा को मुख्यालय जयपुर में समाचार शाखा, हेतप्रकाश शर्मा को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर, योगेन्द्र शर्मा को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बारां, आशीष जैन को मुख्यालय जयपुर की सी.एन.डी. शाखा, साक्षी पुरोहित को विद्युत वितरण निगम लि. जोधपुर, संतोष कुमावत को पंचायतीराज विभाग जयपुर, भाग्यश्री गोदारा को राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर, राजेश यादव को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर में लगाते हुए निर्वाचन विभाग का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा है।

जनसंपर्क अधिकारी सुरेश विश्नोई को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बीकानेर, सरिता जाखड़ को मुख्यालय जयपुर की पत्र-पंजीयन शाखा, बनवारीलाल यादव को राजस्थान सूचना केन्द्र नई दिल्ली, हेमंत छीपा को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय झालावाड़, अमनदीप को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं रसद विभाग जयपुर में लगाते हुए राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम जयपुर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार जनसंपर्क अधिकारी सपना शाह को मुख्यालय जयपुर की विज्ञापन शाखा, रविन्द्र कुमार वैष्णव को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय भीलवाड़ा, विपुल कुमार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय उदयपुर, आकांक्षा पालावत को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जोधपुर, सतीश सोनी को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय ब्यावर, प्रवीण प्रकाश चौहान को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जैसलमेर, अनुप्रिया को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बूंदी, सुरेन्द्र कुमार सामरिया को राजस्थान रिवर बेसिन प्राधिकरण जयपुर, मनीष जैन को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय नागौर तथा संतोष कुमार मीणा को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय भरतपुर के पद पर लगाया है।

इसी प्रकार सहायक जनसंपर्क अधिकारी इशांत काबरा को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय भीलवाड़ा, अभय सिंह को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बाड़मेर, अभिमन्यु सिंह को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय डीडवाना-कुचामन, दीपक चक्रवर्ती को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय करौली, राहुल आशीवाल को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय कोटपूतली-बहरोड, नितिन कुमार को मुख्यालय जयपुर (क्षेत्र प्रचार शाखा), नरेन्द्र सिंह शेखावत को मुख्यालय जयपुर की ईएनजी शाखा, मयंक राज गुर्जर को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय अजमेर, राजेश को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जालौर, मोहित जैन को अल्प संख्यक मामलात जयपुर, पल्लव जोशी को मुख्यालय जयपुर की सी.एन.डी. शाखा में लगाया है। इसी प्रकार सहायक जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा को सहकारिता विभाग जयपुर और खाद्य विभाग, रवि वर्मा और प्रियंका चतुर्वेदी को मुख्यालय जयपुर में साहित्य शाखा, अंकित शर्मा को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बांसवाड़ा और छगनलाल यादव को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय अलवर के पद पर लगाया है।

## मुख्यमंत्री ने डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह से मुलाकात की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को बीलवा स्थित राधास्वामी सत्संग ब्यास केन्द्र पहुंचे। उन्होंने राधास्वामी ब्यास के डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लो से आत्मीय मुलाकात की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लो से आध्यात्म, सामाजिक मूल्यों, समाज में व्याप्त कुरीतियों आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# राहुल गांधी का भारत को लेकर दिया गया बयान पूर्णरूप से निदंनीय : मदन राठौड़

**■ 'राहुल गांधी शब्दों तक का चयन नहीं कर पा रहे, उनका दिमाग, शरीर और दिल कहीं ओर'**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी द्वारा भारत को लेकर दिया गया बयान उनकी सोच को दर्शाता है। भारत स्टेट से संघर्ष करने जैसा बयान उनको नहीं देना चाहिए। उनके बयान से लगता है कि वे शब्दों का चयन तक सही तरीके से नहीं कर पाते है। उनकी बातों से यह स्पष्ट हो गया है कि उनका दिमाग कहीं ओर, शरीर कहीं ओर और दिल कहीं ओर लगा हुआ है।

राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी खुद अपनी पार्टी के बारे में भी नहीं जानते। राजस्थान की कांठोस इकाई ने कहा था कि आरएसएस की तरह हम भी शाखा लगाएंगे, जब कांग्रेस आरएसएस की तर्ज पर शाखा लगाना चाहती है तो उन्हें कांठोस छोड़कर आरएसएस में आ जाना चाहिए। अब राहुल गांधी को खुद को नहीं पता कि उनकी राजस्थान इकाई ने क्या कहा था, जो पार्टी आरएसएस की तर्ज पर शाखा लगाने की बात कर रही है और वह कह रहे हैं कि भारत स्टेट से संघर्ष करेंगे, भारत के प्रति राहुल गांधी का रुख पता नहीं ऐसा क्यों है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राहुल ननिहाल इटली को ज्यादा याद रखते हैं उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। संघ की विचारधारा किसी व्यक्ति विशेष या परिवार विशेष के लिए नहीं है। आरएसएस हमारी संस्कृति, हमारे नैतिक मूल्यों, हमारी सभ्यता और हमारे आदर्शों को महत्व देता है और इनके संवर्धन के लिए कार्य करता है। राहुल गांधी को देश को मजबूत बनाने वाली, भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाली बातें करनी चाहिए थी , लेकिन उनका भारत से संघर्ष करने का बयान देना, पूर्ण रूप से निदंनीय है।


## सेवादल भी लगाएगा अब शाखाएं

**जयपुर।** कांग्रेस सेवादल की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक जयपुर के बाड़ा पदमपुरा में 17 से 19 जनवरी तक होने जा रही है। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय स्तर के 200 से ज्यादा पदाधिकारी शामिल होंगे, जो संगठन को मजबूत बनाने के लिए मंथन करेंगे। इस बैठक में संगठन के ढांचे को मजबूत बनाने और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा तादाद में सेवादल से जोड़ने की रणनीति तैयार की जाएगी। इसके साथ ही आगामी दो साल के लिए कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी।

कोंग्रेस सेवा दल भी अपने पुराने स्वरुप को निखारकर संगठन को और मजबूत बनाते हुए आरएसएस को टक्कर देने की तैयारी में है।




**जयपुर में दोपहर बाद काली घटाएं घिर आईं और तेज बर्षा होने लगी। इस दौरान सड़कों पर पानी भर गया और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं भारी ठंड की वजह से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गये।**



**मल मास समाप्त होते ही मोती डूंगरी गणेश मंदिर पर भारी भीड़ हो गई। साथ ही बारिश भी शुरु हो गई तो त्रिमूर्ति सर्किल के चारों तरफ लंबा जाम देखने को मिला।**

# 'रजिस्टर्ड व एम.डी.स्तर के डॉक्टर्स ही मेडिकल रिपोर्ट हस्ताक्षरित करें'

**■ हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और एम.सी.आई. के 2017 के आदेशों को सही मानते हुए नियमों को लागू कराने के आदेश दिये**

**जयपुर,** (का.सं.)। प्रदेश भर में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया (एम.सी.आई.) द्वारा 14 जून 2017 को जारी आदेश कि सभी मेडिकल रिपोर्ट पर एम.सी.आई. अथवा स्टेट मेडिकल कौंसिल में पंजीकृत डॉक्टरों द्वारा ही हस्ताक्षरित हों, इस नियम को लागू कराने के लिये दायर याचिका पर सुनवाई हुई। प्रेक्टिसिंग पैथोलॉजिस्ट सोसायटी की ओर से दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2017 में दिये गये आदेश कि केवल एक पोस्ट ग्रजुएट स्तर के पैथोलॉजिस्ट ही मेडिकल रिपोर्ट पर हस्ताक्षरित करें, इस आदेश की पालना कराने हेतु गुहार की थी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता गौरव गुप्ता पैरवी के लिये पेश हुए थे और अदालत ने मेडिकल और हैल्थ एंड फेमिली वेलफेयर मंत्रालय, नेशनल एक्रेडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड केलिब्रेशन लेबोरेट्रिज के साथ-साथ राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव और डायरेक्टर, राजस्थान मेडिकल कौंसिल के रजिस्ट्रार और डी.जी.पुलिस को जबाव तलब किया है। और सुनवाई के अंत में न्यायाधीश अवनीश जिंगम ने याचिकाकर्ता के सभी तथ्यों को सही मानते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट और एम.सी.आई. का आदेश सही हैं और जनहित में हैं। जिसे राज्य में लागू करना आवश्यक है। अदालत ने कहा कि क्योंकि मामले में कानूनी पक्ष सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किया जा चुका है, इस पर हाईकोर्ट कोई अन्य कार्रवही नहीं कर रहा, परंतु याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना के खिलाफ पुनःयाचिका दायर कर सकते हैं।

# चोरों ने प्रागपुरा व भाबरू थाना क्षेत्रों में वारदातों को अंजाम दिया

## पावटा में घर का ताला तोड़ बेटियों के विवाह के लिए बनवाए गहने सहित लाखों की चोरी

**पावटा,** (निसं)। पावटा सहित आसपास के क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। मंगलवार को एक ही रात में अलग-अलग जगह पर चोरों ने दुकानों के ताले तोड़ दिए और चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। चोरी की एक साथ दो बड़ी घटनाएं होने के बाद पावटा व बागावास अहिरान के ग्रामीणों व व्यापारियों में नाराजगी है।

पहली घटना प्रागपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के पावटा कस्बे के राठी कॉलोनी में सामने आई है, जब एक परिवार अपने घर पर ताला लगाकर मकर संक्रांति पर खाटू श्याम दर्शन के लिए गया था। रात करीब 10 बजे अपने घर पहुंचे तो यहां घर का अंदर से दरवाजा बंद था। मोहल्ले वालों की सहायता से दीवार फांदकर अंदर जाकर दरवाजा खोला व अन्दर जाकर देखा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और घर में आलमारी के लॉकर टूटे पड़े थे, सामान बिखरा पड़ा था। जेवरों सहित नकदी को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया था, जिस पर प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए आसपास लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें दो संदिग्ध युवक घरों में ताक-झाक करते नजर आए।

पीड़ित मातादीन गुप्ता निवासी पावटा राठी कॉलोनी ने प्रागपुरा थाना पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया। बताया कि वह 14 जनवरी को परिवार सहित खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए गया था और रात 10 बजे जब वह घर पहुंचा तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था। घर के लॉकर टूटे हुए थे और दो बेटियों की शादी के लिए जोड़े गए गहने व एक लाख रुपए की नकदी गायब थी। चुराए गए जेवरों की कीमत लाखों रुपए से बताई जा रही है।


चोरी की वारदात के बाद मकान में सामान बिखरा पड़ा है।

- बागावास अहिरान में बालाजी ज्वेलर्स सहित सूने मकानों के ताले तोड़े, ज्वेलर्स की दुकान से लाखों के गहने पार किये

वहीं बीती रात ग्राम बागावास अहिरान में चोरों ने एक के बाद एक दुकान व सूने मकानों को निशाना बनाते हुए ताले तोड़ दिए। ग्राम बागावास अहिरान के व्यस्ततम मार्ग पर बालाजी ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की वारदात हुई। जैसे ही सुबह लोगों को पता चला कि दुकान व मकानों के ताले टूटे हुए हैं और अंदर से सामान तथा नकदी गायब है, तो तत्काल भाबरु थाना पुलिस को सूचना दी गई। वहीं बालाजी ज्वेलर्स महेश कुमार सोनी निवासी बागावास अहिरान ने बताया कि दुकान के ताले तोड़ अज्ञात चोर 70- 80 ग्राम सोना व पांच किलो चांदी चोरी कर ले गए, जिनकी कीमत करीब 10 लाख रुपए है। वारदात के बाद चोरों ने गहनों के खाली डब्बों को थोड़ी दूरी पर डालकर चांदी, सोने के गहने पार कर ले गए। सूचना पर भाबरु थाना हेड कांस्टेबल संदीप मय जाप्ता पहुंचे मौके और आसपास लगे कैमरों से सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

वहीं मीनू सोनी निवासी बागावास अहिरान के घर में घुसकर 12 लाख के करीब गहने व नकदी चुराकर ले गए, जिसमें 4 लोग दुकान में चोरी कर सामान ले जाते नजर आए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तो दूसरी तरफ ग्रामीणों में भय है। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। इधर पावटा व बागावास अहिरान में चोरी की एक साथ घटनाएं होने के बाद ग्रामीणों व व्यापारियों में नाराजगी है।

# उदयपुर के राजवर्धन सिंह एवरेस्ट बेस कैंप पहुंचे

**उदयपुर,** (निसं)। लेकसिटी का नाम एक बार फिर शहर के एक 18 वर्षीय बालक ने ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। शहर के राजवर्धन सिंह राणावत ने गत 29 दिसंबर को 5364 मीटर ऊंचाई पर स्थित एवरेस्ट बेस कैंप की सफल चढ़ाई पूरी कर उदयपुर का गौरव बढ़ाया। उन्होंने 20 दिसंबर 2024 को नेपाल के लुक्ला से ट्रेकिंग शुरू की और 1 जनवरी 2025 को इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इस चुनौतीपूर्ण ट्रेक में वे 16 सदस्यीय दल का हिस्सा थे।

बर्फीली हवाओं और -35 डिग्री की कड़कड़ाती ठंड में 47 प्रतिशत ऑक्सीजन की कठिन परिस्थिति में राजवर्धन ने अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया। हर दिन औसतन 10 घंटे की कठिन चढ़ाई में उन्होंने 160 किलोमीटर का ट्रेक तय किया। सबसे कम उम्र के सदस्य होने के बावजूद उन्होंने नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अपने दल के अन्य सदस्यों को प्रेरित किया और हर चुनौती का डटकर सामना किया। राजवर्धन सिंह राणावत पहले भी कई प्रसिद्ध ट्रेक्स को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं। उन्होंने उत्तराखंड के स्वर्ग-रोहिणी ट्रेक, दयारा बुग्याल ट्रेक, तुंगनाथ-चंद्रशीला ट्रेक, कुआरी-पास ट्रेक, पंगरचुला ट्रेक, हिमाचल के त्रिउंड ट्रेक, पराशर ऋषि ट्रेक, कश्मीर के तुलियन लेक ट्रेक सहित भारत के 15 से अधिक ट्रेक्स किए हैं। इसके साथ ही वे एक राष्ट्रीय पदक विजेता साइक्लिस्ट भी हैं।

राजवर्धन का मानना है कि हाइकिंग, ट्रेकिंग और माउंटेनियरिंग तीनों में अलग-अलग स्तर की चुनौतियाँ होती हैं। राजवर्धन का सपना है कि वे भविष्य में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराएं। साथ ही वे उदयपुर और राजस्थान के युवाओं को ट्रेकिंग, माउंटेनियरिंग और साहसिक खेलों के प्रति जागरूक करना चाहते हैं। राजवर्धन नवयुवकों को सलाह देते हैं कि माउंटेनियरिंग में कदम रखने के लिए पहले हाइकिंग और ट्रेकिंग से शुरुआत करें। उदयपुर की भौगोलिक स्थिति ट्रेकिंग और हाइकिंग सीखने के लिए अनुकूल है। यहां के पहाड़ी इलाके, जंगल, और झीलें युवाओं को प्राकृतिक रूप से साहसिक खेलों की ओर आकर्षित करती हैं।

राजवर्धन की इस उपलब्धि में उनके परिवार का विशेष योगदान रहा। साथ ही, उन्होंने बताया कि एवरेस्ट बेस कैंप ट्रेक पर कुल खर्च लगभग 2.5 लाख रूपए आया, जिसमें उनके परिवार और स्थानीय प्रायोजकों ने सहायता की। वे युवाओं को सलाह देते हैं कि अगर आप किसी लक्ष्य के लिए समर्पित हैं, तो प्रायोजक और सहयोगी अपने-आप मिल जाते हैं।



राजवर्धन सिंह राणावत ने एवरेस्टबेस कैंप की सफल चढ़ाई पूरी की।

- -35 डिग्री की ठंड में 47 प्रतिशत ऑक्सीजन की कठिन परिस्थिति में राजवर्धन ने अदम्य साहस दिखाया
- राजवर्धन ने हर दिन औसतन 10 घंटे की कठिन चढ़ाई में 160 किमी का ट्रेक तय किया

# पंचायत बैठक में सरपंच पति के साथ मारपीट

**बांसवाड़ा,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र आनंदपुरी अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुन्दरी के पंचायत भवन में मंगलवार को आयोजित बैठक में सरपंच पति के साथ मारपीट कर उसे उठाकर बाहर फेंक देने के मामले में पुलिस ने पंचायत समिति सदस्य के पति सहित तीन जनो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

- डायरेक्टर पति, वार्ड पंच सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज

घटना के बाद मुंदरी सरपंच दली देवी अपने पति को लेकर थाने पहुंची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 14 जनवरी दोपहर को प्रार्थिया की अध्यक्षता में पंचायत भवन पर पीएम आवास सर्वेक्षण में वंचितों के नाम जुड़वाने व अन्य ग्रामीण विकास को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान बैठक में प्रार्थिया के पति पर आरोपियों ने अचानक हमला कर घसीटकर बाहर फेंक दिया व उनके साथ मारपीट की जिससे उनके शरीर पर चोटें पहुंची। उस दौरान पंचायत में मौजूद ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ लिपिक, वार्ड पंच व अन्य ग्रामीण बीच-बचाव नहीं करते तो आरोपी जान से मारने पर उतारू थे। रिपोर्ट में बताया कि घटना के पहले दिन एक आरोपी ने उनके पति को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी थी जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है। सरपंच ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनकी जान-माल की सुरक्षा की गुहार की। आनंदपुरी पुलिस ने आरोपी डायरेक्टर पति कैलाश पुत्र जगु, वार्डपंच नरेश पुत्र हलिया व थानिया पुत्र हलिया पारगी निवासी मुंदरी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ की।

# स्मैक सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। खातौली पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ दस ग्राम स्मैक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से नकद 25 हजार रूपये भी बरामद किये। पुलिस ने कार को भी जब्त किया।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ एवं तस्करों के विरूद्ध कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही के लिये इटावा पुलिस उप अधीक्षक शिवम जोशी के सुपरविजन एवं खातौली थानाधिकारी मनसीराम के नेतृत्व मे टीम का गठन किया। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि खातौली थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने पुलिस चौकी कैथूदा के सामने नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग की। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान एक कार को डिटेन कर चैक किया गया तो कार से दस ग्राम स्मैक, 25 हजार नकद व एक इलेक्ट्रोनिक कांटा बरामद हुआ।


स्मैक तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि कार में से अवैध मादक स्मैक व अन्य सामग्री प्राप्त होने पर पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए दातरंदा कलां थाना मानपुर जिला श्योपुर एमपी निवासी रामअवतार उर्फ रामोतार (41), दातरंदा कला थाना मानपुर जिला श्योपुर एमपी निवासी विनोद (26) एवं दौलतपुरा थाना खण्डार जिला सवाईमाधोपुर निवासी प्रभुलाल (62) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियो से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ जारी है।

# अवैध घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

**उदयपुर,** (निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशों के अनुसरण में घरेलू गैस के व्यवसायिक दुरूपयोग के कारण होने वाली राजस्व हानि तथा गैस सिलेण्डरों की अवैध भण्डारण की रोकथाम के लिए रसद विभाग की टीम सतत कार्यवाही कर रही है। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में गठित विशेष जॉच दल द्वारा उदयपुर शहर के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। प्रवर्तन अधिकारी मानसी पण्डया व डॉ. निशा मुन्दड़ा, प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. कोमल सिंह सोलंकी एवं हिमानी सिंह सोलंकी की टीम ने शहर में यूनिवर्सिटी रोड एवं शोभागपुरा क्षेत्र में आकस्मिक जांच की जाकर 8 प्रतिष्ठानों पर अवैध घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये। भटनागर ने बताया कि दोषित फर्मो के विरूद्व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत आवश्यक कार्यवाहीं की जाएगी और यह कार्यवाही आगामी दिवस में भी निरन्तर जारी रहेगी।



**उदयपुर : वर्तमान दौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने डिजीटलाइजेशन के इस दौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के कार्यों की सराहना करते हुए उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर राहटकर ने सोशल मीडिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इनफ्लुएंसर संदीप राठौड़ और मोहित शर्मा सहित 20 इंफ्लूएंसर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।**

# पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाड़ी पुलिस टीम ने सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल मय मैगजीन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार जाप्ता सहित इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लैंडमार्क सिटी में एक युवक वारदात की फिराक में पिस्तौल लेकर घूम रहा है। थाना अधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबिर के द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध युवक को डिटेन किया और युवक की तलाशी ली तो उसके पास से सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और मैगजीन बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर ही आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए घोड़े वाले बाबा कच्ची बस्ती निवासी अजय (20) को गिरफ्तार किया।

# अंतरिम जमानत मिलने के बाद आसाराम आश्रम पहुंचे

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट से रेप के मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद आसाराम बापू पाल गांव स्थित अपने आश्रम पहुंचे। बुधवार सुबह वे अपने आश्रम में टहलते नजर आये। इस दौरान बड़ी संख्या में उसके अनुयायी भी वहां पहुंच गये। इधर साधकों से अपील की गई है कि आसाराम बापू इलाज के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा रहा है, ऐसे में जोधपुर आश्रम में न आएं।

- पाल गांव स्थित अपने आश्रम में टहलते दिखाई दिये आसाराम

जानकारी के अनुसार आसाराम के ऊपर गांधीनगर और जोधपुर में रेप के मामले दर्ज हैं। दोनों ही मामलों में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। गुजरात से जुड़े केस में उसे गत सात जनवरी को सुप्रीम कोर्ट से बेल मिली थी, इसके बाद 14 जनवरी को जोधपुर मामले में भी जमानत मिल गई। वे 31 मार्च तक के लिए बाहर आये हैं। आसाराम को स्वास्थ्य कारणों के चलते अंतरिम जमानत के रूप में आंशिक राहत मिली है।

आसाराम की तरफ से वकील आरएस सलूजा, निशांत बोडा, यशपाल सिंह राजपुरोहित और भारत सैनी ने पैरवी की थी। इसमें 7 जनवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट से गुजरात केस (रेप) में मिली जमानत का हवाला दिया गया था।

इसमें आसाराम के इलाज की गुहार लगाई गई थी। उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए कोर्ट ने मंगलवार को आसाराम को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है। इस दौरान देश के किसी भी आश्रम में रहने की अनुमति होगी। हॉस्पिटल या आश्रम में इलाज भी करवा सकेंगे।

# उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय एक्सप्रेस दो को रद्द रहेगी

**उदयपुर,** (निसं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल पर हिरनौदा-फुलेरा-भांवसा स्टेशनों के मध्य ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली कार्य, गहलोता-मण्डावरिया रेल खंड पर ब्रिज संख्या 270 , मंडावरिया-किशनगढ़ रेल खंड पर ब्रिज संख्या 279 व नरेना यार्ड में तकनीकी कार्य के कारण 2 फरवरी को ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा जिनमें उदयपुर से जाने वाली ट्रेनें भी प्रभावित होगी। उदयपुर से दिल्ली जाने वाले गाड़ी संख्या 22985 (उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय एक्सप्रेस) व गाड़ी संख्या 22986, दिल्ली से उदयपुर सिटी एक्सप्रेस रेलसेवा दो फरवरी को रद्द रहेगी।

वहीं आंशिक रद्द रेलसेवाओं में गाड़ी संख्या 12991, उदयपुर सिटी-जयपुर रेलसेवा 2 फरवरी को उदयपुर से अजमेर तक चलेगी। अर्थात अजमेर-जयपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

# शाहपुरा जिला समाप्त करने का विरोध, क्रमिक अनशन जारी

**शाहपुरा,** (निसं)। जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर 7वें दिन किसान केसरी संघ शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया। संघर्ष समिति के महासचिव व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा व संयोजक रामप्रसाद जाट ने क्रमिक अनशन धरने पर बैठे किसान केसरी संघ शाहपुरा के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ओझा के नेतृत्व में शिवराज मीणा, फुलिया कला तहसील अध्यक्ष राजा मोहम्मद शाहपुरा तहसील अध्यक्ष नंद सिंह, रमेश कुमावत, शिवराज मीणा, पूर्व सरपंच ओनाड खारोल मोहन बैरवा, सूरज करण जाट, शिवराज मीणा, भंवरलाल कुमावत, छोटू कुमावत, प्रहलाद लोहार, शंकर जाट, रमेश जाट, रामप्रसाद पवार पंडेर, मोहन शर्मा बावड़ी, बजरंग गुर्जर रहड, श्रीराम गाडरी भीमपुरा सोजीराम कुमावत हनोतिया, इस्लाम खान प्रतापपुर, गोपाल गुर्जर सांखलिया खाना माली सहित सैकड़ों सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया।

- 7वें दिन किसान केसरी संघ शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया


किसान केसरी संघ के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।

किसान केसरी संघ शाहपुरा के जहाजपुर पंडेर, फूलिया कला, ढिकोला, अरनिया, भीमपुरा, प्रतापपुरा, दौलतपुरा, काशीपुरिया सहित कई गांवों के सदस्यों ने त्रिमूर्ति स्मारक से उपखंड कार्यालय तक रैली निकालकर गाजे-बाजे, ढोलक, अलगोजा बजाकर नाचते हुए नारेबाजी कर धरना स्थल पर पहुंचे और शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की। इस मौके पर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के राजेंद्र बोहरा, रामेश्वर लाल सोलंकी, उदय लाल बैरवा, दीपक बैरवा, महावीर बैरवा, हाजी उस्मान मोहम्मद छीपा, धनराज जीनगर, रवि पटवा, रविशंकर उपाध्याय, दिनेश बंटी शर्मा, अविनाश शर्मा, अखिल व्यास अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा, उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत, सचिव वीरेंद्र पथरिया, सहसचिव कमलेश मुंडेतिया, दीपक मीणा, वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याणमल धाकड़, नमन ओझा, राजेश वर्मा, संजय सिंह हाड़ा, विवेक दाधीच, अंकित शर्मा, शरीफ मोहम्मद, प्रियेश यदुवंशी, पीएलवी अभय गुर्जर, रमेश मालू मौजूद रहे। वहीं किसान केसरी संघ शाहपुरा के कार्मिक धरने पर किसानों के साथ संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा एवं संयोजक रामप्रसाद जाट तथा महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने नाचकर किसानों का उत्साहवर्धन किया।

अभिभाषक संस्था के उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत ने बताया कि जिला बचाओ आंदोलन के समर्थन में न्यायालय में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार 18 जनवरी तक जारी रखा।

संयोजक रामप्रसाद जाट ने बताया कि किसान केसरी संघ शाहपुरा एवं जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा शाहपुरा जिला समाप्त होने पर आक्रोश जताते हुए धरना स्थल से एकत्रित होकर ढोलक की थाप और अलगोजा की ताल पर नाचते-गाते नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन कर शाहपुरा जिला बहाल करने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को दिया।

जिला बचाओ संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि अग्रवाल समाज शाहपुरा ने धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा को जिला बनाए रखने की मांग का समर्थन करते हुए अपना लिखित समर्थन पत्र जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा एवं संयोजक रामप्रसाद जाट को देकर हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के राजकुमार अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

# नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में 16वें दिन भी धरना जारी

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना जिला को पुनः बहाल की मांग को लेकर संघर्ष समिति का 16 वें दिन भी धरना जारी रहा। बुधवार को भूख हड़ताल पर राजाराम गुर्जर चला की ढाणी, महेश मीणा, खुशीराम गुर्जर दीपावास, अमित सैनी, ग्यारसी लाल सैनी ने नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ कर धरने को जारी रखा।

नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने धरने स्थल पर उपस्थित लोगों को कहा कि नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करवाने के लिए सर्व समाज और स्थानीय जनता को एकजुट होकर सरकार पर दबाव बनाना चाहिए और भूख हड़ताल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए तथा सरकार को अधिक से अधिक ज्ञापन के माध्यम से नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल की मांग करनी चाहिए। यह सब तब ही संभव है जब हम सभी एकजुट होकर अपनी मांग उठाएं और अपनी आवाज को सशक्त बनाएं। जिले को पुनः बहाल करवाने के लिए नीमकाथाना में दो बड़ी मीटिंग हो चुकी है उसके बावजूद भी सरकार का ध्यान नीमकाथाना की तरफ नहीं है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार नीमकाथाना के साथ पूर्ण रूप से भेदभाव कर रही है। नीमकाथाना क्षेत्र के अलग-अलग राजनीतिक दलों और समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने भी अपनी-अपनी आवाजें उठाई और नीमकाथाना जिले को फिर से बहाल करने के लिए संयुक्त संघर्ष का संकल्प लिया। जनसभा में यह संदेश साफ था कि यह मुदा सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि जनता का अधिकार और उनका भविष्य है। जिले को पुनः बहाल पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं वे मात्र अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं, उनको नीमकाथाना जिले से कोई लेना-देना नहीं है।

इस दौरान महेश मेगोतिया उपाध्यक्ष नगर परिषद नीमकाथाना, प्रवीण जाखड़, मदनलाल सैनी, अवतार गुर्जर, श्रीचन्द सैनी, कृष्ण कुमार यादव, प्रेम जाखड़, प्रहलाद महराणियां, हरि भावरिया, नरेन्द्र सैनी, सुभाष सिंघल, अशोक कटारिया, ओमप्रकाश यादव, सुरेश खैरवा सरपंच, राजेश बाजिया, बलवीर खैरवा, देवेन्द्र बिजारणियां ने अपना समर्थन देकर संघर्ष समिति का हौसला बढ़ाया।



नीमकाथाना जिला को पुनः बहाल की मांग को लेकर संघर्ष समिति का 16 वें दिन भी धरना जारी रहा।

- 'नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करवाने के लिए सर्व समाज और स्थानीय जनता को एकजुट होकर सरकार पर दबाव बनाना चाहिए'
- जनसभा में यह संदेश साफ था कि यह मुदा सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि जनता का अधिकार और उनका भविष्य है



ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली रहा कि स्कॉट बोलैंड टीम में आ गए। अगर बोलैंड नहीं खेलते तो भारत सीरीज जीत जाता।
- आर. अश्विन

पूर्व भारतीय गेंदबाज, ऑस्ट्रेलियन बल्लेबाज बोलैंड के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ मनु भाकर





**भारत** की स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में जीते दो कांस्य पदकों के स्थान पर नये पदक मिलने की संभावना है क्योंकि वह उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। दुनिया भर के कई खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में अपने घिसे हुए पदकों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को 'मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल)' द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा। खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** न्यूजीलैण्ड की तरफ से खेलते हुए ब्रूस टेलर ने अपने टैस्ट मैच की पदार्पण पारी में 86 रन देकर 5 विकेट लिए।

### // सरफराज खान पर लगा सनसनीखेज आरोप //

## टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूप की बातें की लीक ?

नई दिल्ली, 15 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूप में अनबन कई खबरें बाहर आई थीं। इसके बाद जमकर बवाल मचा था। भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने तब कहा था कि अगर खिलाड़ियों औरकोच की बातें उनके तक ही सीमित रहे, वहीं टीम के सडी माहौल लिए अच्छा होता है। अब भारत लौटने के बाद बीसीसीआई इन सभी चीजों को लेकर एक रिव्यू मीटिंग की। इस दौरान गंभीर ने दौरे पर गए सरफराज खान पर धोखा देने का आरोप लगा दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने मीटिंग में दाबा किया कि सरफराज ने ही सारी बातें लीक की।बोर्ड के अधिकारियों ने हाल ही में टीम इंडिया हेड कोच और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के साथ एक रिव्यू मीटिंग की थी। इस मीटिंग के दौरान प्रदर्शन समेत कई मुद्दों पर बातचीत हुई। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी दौरान बीसीसीआई को



बताया कि सरफराज खान ड्रेसिंग रूम की बातें बाहर मीडिया में शेयर कर रहे थे। गंभीर ने खास तौर से इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक खबर का जिक्र किया, जिसमें मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद गंभीर के खिलाड़ियों पर भड़कने की बात कही गई थी। मेलबर्न में मैच गंवाने के बाद रोहित शर्मा- विराट कोहली समेत पूरी टीम पर ड्रेसिंग रूम में गंभीर का गुस्सा फूट पड़ा था। गंभीर के अलावा मिस्टर फिक्स इट के नाम से एक खबर छपी थी। इसे लेकर मीडिया रिपोर्ट्स में खुलासा हुआ था कि टीम का एक खिलाड़ी बुमराह को कप्तान बनाने के पक्ष में नहीं था। ये खिलाड़ी खुद को अंतरिम कप्तान के रूप में पेश कर रहा था। हालांकि, इस खिलाड़ी का नाम सामने नहीं आया, लेकिन विराट कोहली ये खिलाड़ी बताए जा रहे थे।

हालांकि, गंभीर के अपनी दावों को लेकर कोई सबूत दिया है कि नहीं ये अभी साफ नहीं है। ऑस्ट्रेलिया से पहले 2019 वनडे वर्ल्ड कप के दौरान भी रोहित और विराट के बीच लड़ाई की खबरें लीक हुई थी। इसके बाद एक-दो खिलाड़ियों को टीम से बाहर निकाल दिया गया था। अब सवाल ये है कि बोर्ड फिर से ऐसा एक्शन लेगी। सरफराज खान को टीम से बाहर करेगी। हालांकि, इसे लेकर अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि आधिकारिक बयान सामने नहीं आए हैं।

## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 से पहले रोहित जमकर कर रहे मेहनत

मुंबई, 15 जनवरी। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उनके नेतृत्व में टीम का प्रदर्शन भी बेहद निराशाजनक रहा है। जून में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय कप्तान की हर कोई तारीफ कर रहा था लेकिन कुछ ही महीने के अंदर चीजें पूरी तरह से बदल गई। टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके रोहित पर टेस्ट से भी रिटायरमेंट लेने का दबाव बनने लगा।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर रोहित ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।हित की फिटनेस को लेकर भी काफई सवाल उठ रहे हैं और इस वजह से भारतीय कप्तान अपनी फिटनेस पर जमकर काम कर रहे हैं। इंग्लैंड और चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए रोहित खुद को फिट रखना चाहते हैं। इस बीच मुंबई के



बीकेसी कॉम्प्लेक्स में दौड़ते रोहित शर्मा का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिंद्धू ने भी रोहित को फिटनेस पर काम करने के लिए कहा था। खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया लेकिन अभी ये स्पष्ट नहीं है कि वह आगामी मैच में खेलेंगे या नहीं। 37 वर्षीय रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाए और सिडनी में पांचवें तथा आखिरी टेस्ट के कारण खुद बाहर रहने का फैसला किया। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर सुबह कुछ घंटे चले अभ्यास सत्र में भाग लिया। उन्होंने मुंबई के दिग्गज और भारत के अपने साथी खिलाड़ी रहे अंजिक्य रहाणे के साथ बल्लेबाजी की। रोहित ने आखिरी बार मुंबई के लिए 2015 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था।

### चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारत को बड़ा झटका

## बेड रेस्ट पर रहेंगे जसप्रीत बुमराह

नई दिल्ली, 15 जनवरी। चैंपियंस ट्रॉपी 2025 से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट में बताया गया कि स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बेड रेस्ट पर रहना होगा। बुमराह के आगे खेलने का फैसला उनके बैक की सूजन ठीक होने के बाद ही होगा। बुमराह पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया दौरे से घर वापस लौटे, जिसमें पांच टेस्ट खेले गए थे। बुमराह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जाएंगे लेकिन अभी उसके लिए तारीख तय नहीं है। इसके अलावा बताया गया कि बुमराह की वापसी को लेकर जल्दबाजी नहीं की जाएगी। उन्हें फिलहाल घर पर रेस्ट करने के लिए कहा गया है।

साथ ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि, बुमराह अगले हफ्ते तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जा सकते हैं, लेकिन अभी कोई



तारीख तय नहीं है। उन्हें घर पर बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। जिससे मांसपेशियां रिकवर हों और सूजन हटे। एक बार ऐसा हो जाता है तो उसके बाद आगे का कार्यक्रम तय होगा। सूत्रों ने बताया कि, बेड रेस्ट सुनने में अच्छा नहीं लगता है। मैं उम्मीद करता हूं कि ये डिस्क बल्ज या मांसपेशियों में सूजन ना हो जा हाई ग्रेड की होती है।

अप्रोच उनके साथ समान होनी चाहिए। उन्हें रूई में लपेटें और उनके जैसी प्रतिभा को बचाएं। टीम इंडिया पूर्व स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच रामजी श्रीनिवास ने बुमराह की रिकवरी को लेकर बात की। रामजी श्रीनिवास ने कहा कि, अगर एडिमा फॉर्मेशन के कारण कोई दिक्कत हो तोसूजन हो जाती है। जो मांसपेशियों में टूटन के लेवल पर निर्भर करता है। अगर ये एक डिस्क बल्ज सूजन है तो फिर रिकवरी ग्रेड, व्यक्तिगत ताकत, मेडिकल हस्तक्षेप और मेडिकल के बाद रिहैब कार्य पर भी निर्भर करती है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : ओसाका, पेगुला, एंड्रीवा ने जीत दर्ज की

मेलबर्न, 15 जनवरी। ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दिन बुधवार को जापान की नीओमी ओसाका, अमेरिका की जेसिका पेगुला और रूस की मीरा एंड्रीवा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये मुकाबले में नाओमी ओसाका ने चेक गणराज्य की करोलिना मुचोवा पर 1-6, 6-1, 6-3 से जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई। ओसाका का अगले दौर में स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक से मुकाबला होगा।

दूसरे मुकाबले में जेसिका पेगुला ने बेल्जियम की एलिस मर्टेनस को 6-4, 6-2 से हराया। पेगुला ने मर्टेनस के खिलाफ हार का सिलसिला तोड़ते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। पेगुला का अगले दौर में मुकाबला सर्बिया ओल्गा डैनिलोविच से होगा। एक अन्य मैच में मीरा एंड्रीवा ने जापान की मोयुका उचिजिमा के खिलाफ तीन सेट के तनावपूर्ण मैच में जीत हासिल की। रूसी खिलाड़ी ने एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-6 से जीत हासिल की। एंड्रीवा तीसरे दौर में 23वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच का सामना करेंगी।

**नोवाक जोकोविच ने सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम मैच खेलने का नया रिकॉर्ड बनाया-** नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के





दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया जबकि नाओमी ओसाका पिछले तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची। जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो नया रिकॉर्ड है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रोजर फेडरर (429) की बराबरी की थी। जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7 (4), 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच अब ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में 379 मैच जीत चुके हैं जबकि 51 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा, "ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा।" पुरुष वर्ग में ही तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योशिहितो निशिओका पर 6-0, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।

महिला एकल में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ओसाका 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं। उन्होंने अमेरिकी ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की। ओसाका ने इस तरह से पिछले साल अमेरिकी ओपन में मुचोवा से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

**भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर हार कर हुई बाहर-** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी बुधवार को पहले दौर में स्थानीय ट्रिस्टन स्कूलकेट और एडम वाल्टन की जोड़ी से हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर हो गए।

आज यहां एक घंटा 20 मिनट तक चले मुकाबले में भांबरी और ओलिवेटी ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में 6-2, 7(7)-6(3) से हार गए। बालाजी मैक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला के साथ जोड़ी बनाएंगे, जबकि बोलिपल्ली अमेरिका के रयान सेगरमैन के साथ मिलकर साल के पहले ग्रैंड स्लैम में हिस्सा लेंगे। दोनों जोड़ियां गुरुवार को खेलेंगी। रोहन बोपन्ना और चीन की शुआई झांग मिश्रित युगल में खेलेंगे।

## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की ओपनिंग सेरेमनी, बीसीसीआई रोहित शर्मा को पाक भेजेगा ?



नई दिल्ली, 15 जनवरी। अगले महीने 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। वहीं टीम इंडिया इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। साथ ही कहा जा रहा है कि, 16 या 17 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी होगी। जिसके लिए भारत के कप्तान रोहित शर्मा को पाकिस्तान जाना पड़ सकता है। इसकी वजह चैंपियंस ट्रॉफी का कैप्टन डे है। दरअसल, आईसीसी इवेंट से पहले सभी टीमों के कप्तान एक जगह इकट्ठा होते हैं और ग्रुप फोटो सेशन होता है।सभी कैप्टन का फोटोशूट कहां होगा? अभी तक कुछ कंफर्म नहीं है। लेकिन अगर फोटोशूट पाकिस्तान में होता है तो क्या बीसीसीआई रोहित को वहां भेजने के लिए तैयार होगा? ये सवाल इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कैप्टन डे को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। एएनआई के मुताबिक, बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा है कि, कैप्टन डे के लिए रोहित शर्मा के पाकिस्तान जाने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। पहले भारतीय टीम की घोषणा होगी और फिर हम कोई फैसला लेंगे।

## फुटसल एशियाई कप में भारतीय टीम हांगकांग से हारी

योग्यकार्ता (इंडोनेशिया), 15 जनवरी। अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही भारतीय महिला फुटसल टीम का बुधवार को एएफसी महिला फुटसल एशिया कप 2025 के लिए ग्रुप बी क्वालीफायर मुकाबले में हांगकांग से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां योग्यकार्ता के अमंग रोगो स्पोर्ट्स हॉल में खेले गये मुकाबले में हांगकांग के लिए च्युंग वाइ की ने (13वें, 23वें, 40वें) मिनट में गोल दागकर हैट्रिक बनायी और वाइ यूएन टिंग ने (27वें) मिनट तथा कुंग यूएट चारिस ने (35वें) मिनट में किये गोल की बदौलत हांगकांग ने भारतीय टीम के खिलाफ जीत दर्ज की।

## पंत ने दिल्ली के अगले रणजी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया : सचिव

नई दिल्ली, 15 जनवरी। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ सचिव अशोक शर्मा ने कहा कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 23 जनवरी से राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ शुरू होने वाली दिल्ली के आगामी रणजी ट्रॉफी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। पंत ने पिछली बार 2017-2018 सत्र में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया था। दिग्गज विराट कोहली की भागीदारी पर हालांकि कोई स्पष्टता नहीं है। कोहली ने अपना पिछला रणजी मैच 2012 में खेला था।



भारत के दोनों खिलाड़ियों को शेष सत्र के लिए दिल्ली के संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। पंत ने अगले रणजी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है और सीधे राजकोट में टीम से जुड़ेंगे। हम चाहते है कि विराट कोहली भी खेलें, लेकिन हमें उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। हर्षित राणा को भारतीय टी20 टीम में चुना गया है, इसलिए वह उपलब्ध नहीं होंगे।" भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री उन कई पूर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो चाहते हैं कि मौजूदा पीढ़ी खासकर संघर्ष कर रहे रोहित शर्मा और कोहली लाल गेंद प्रारूप में घरेलू क्रिकेट खेलें।

## ठीक से नहीं चल पाए विनोद कांबली, फिर भी छुए सुनील गावस्कर के पैर

मुंबई, 15 जनवरी। मुंबई के तमाम दिग्गज क्रिकेटर्स हाल ही में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगाठ समारोह में पहुंचे थे, जिसे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की ओऱ से आयोजित किया गया था। इस समारोह में टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली भी पहुंचे थे। तमाम बीमारियों से जूझने वाले कांबली को हाल ही में हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया था।

अस्तपाल से डिस्चार्ज होने वाले कांबली वानखेड़े स्टेडियम समारोह के जरिए पहली बार पब्लिक में दिखाई दिए। इस दौरान कांबली ने टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर के पैर छुए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हाल ही में हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने वाले कांबली ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे लेकिन फिर भी उन्होंने गावस्कर के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

वहीं कांबली का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल होता है। इस



वीडियो में कांबली पहले पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर से मिलते हैं फिर वह पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर से मुलाकात करते हैं। इसके बाद चलकर सुनील गावस्कर के पास जाते हैं। इस दौरान साफ तौर पर देखा जाता है कि कांबली को चलने में काफी दिक्कत होती है।कांबली को असहज होकर चलता देख दो लोगों ने उनका हाथ पकड़ा और उन्हें सुनील गावस्कर के पास ले गए। पहले कांबली ने दिग्गज गावस्कर से हाथ मिलाया और फिर पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

इसके बाद कांबली को समारोह में सम्मानित भी किया गया। फिर इसके बाद दो लोग कांबली को पकड़कर ले गए और वापस बैठा दिया।वहीं इस दौरान कांबली युवा क्रिकेटर पृथ्वी शॉ से भी मिले। बता दें कि, इस समय शॉ अपने करियर के कठिन दौर से गुजर रहे हैं। शॉ, जिन्हें भारतीय क्रिकेट में एक होनहार प्रतिभा के रूप में देखा जाता था ने पिछले साल कठिन दौर का सामना किया। दिसंबर 2024 में विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर होने के बाद, 25 वर्षीय सलामी बल्लेबाज आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में भी अनुबंध हासिल करने में विफल रहे।

## नेशनल यूनाइटेड ने रॉयल रेंजर्स को हराया

नई दिल्ली, 15 जनवरी। नेशनल यूनाइटेड एफसी ने बुधवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग मुकाबले में रॉयल रेंजर्स को 1-0 हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं सुदेवा एफसी और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच होने वाले दिन के दूसरे मैच को रद्द कर दिया गया। देर से फॉर्म पाने वाले नेशनल यूनाइटेड ने पिछले उपविजेता रॉयल रेंजर्स को सेमन विश्वास के एकमात्र गोल से परास्त करके ना सिर्फ पूरे तीन अंक अर्जित किए बल्कि दो बड़ी बाधाओं को पार करने में सफलता भी पाई। प्लेयर ऑफ द मैच लाइमुजियम काइम सिंह ने विजेता टीम के लिए दर्शनीय प्रदर्शन किया। आज के नतीजे के बाद से नेशनल यूनाइटेड ने 14 मैचों में 13 अंक बना लिए हैं। यूनाइटेड भारत छह अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है। रॉयल रेंजर्स ने 13 मैचों में 26 अंक जुटाए हैं और फिलहाल सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स के बाद दूसरे स्थान पर है। रॉयल रेंजर्स में स्टार खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन नेशनल यूनाइटेड ने उनकी एक नहीं चलने दी। डीपीएल में यह अब तक के सबसे बड़े उलटफेरों में से है।

## विनेश फोगाट करेंगी रेसलिंग के मैट पर वापसी!

नई दिल्ली, 15 जनवरी। पहलवान और कांग्रेस सांसद विनेश फोगाट जल्द ही रेसलिंग में वापसी कर सकती है। विनेश ने बीते साल पेरिस ओलंपिक में डिस्क्वालिफाई होने के बाद रेसलिंग से संन्यास ले लिया था और राजनीतिक सफर शुरू किया। हालांकि, उन्होंने इंस्टग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसके बाद उनकी वापसी की चर्चा शुरू हो गई है।विनेश फोगाट ने वीडियो शेयर किया है जिसमें वह रेसलिंग का अभ्यास करते हुए दिख रही हैं। वह अपनी विरोधी के साथ कुश्ती करती हैं और फिर उन्हें चित कर देती है। इसके बाद विनेश हंसते हुए मैच से बाहर चली जाती है। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने दो इमोजी पोस्ट किए। एक इमोजी रॉकेट है वहीं दूसरी इमोजी धुएं का इमोजी है। दूसरे इमोजी का इस्तेमाल स्पीड, रफ्तार और जल्दी से आगे बढ़ने के लिए किया जाता है। हालांकि, विनेश ने इससे पहले चार नवंबर को अपने पेरिस ओलंपिक की तस्वीरशेयर कीथी। इस तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा कि, मान लिया तू है आज थक गया, मान लिया तू है आज घायल परिंदा, पर हौसला तुझमें अब भी बाकी है, लक्ष्य के लिए अब भी तू है जिंदा। वहीं विनेश जब विधायकी की शपथ लेने विधानसभा गई थीं तब भी उन्होंने पेरिस ओलंपिक की ही जर्सी पहनी थी।



## भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 304 रनों से हराया और सीरीज भी 3-0 से जीती

राजकोट, 15 जनवरी। प्रतिका रावल (154) और कप्तान स्मृति मंधाना (135) की तूफानी शतकीय पारियों के बाद दीप्ति शर्मा (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को रिकार्ड 304 रनों से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली हैं।

भारत के 435 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान गैबी लुईस (एक) को तितास साधु ने पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। क्रिस्टिना कुल्टर रीली (शून्य) को सायली सातघरे ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद सारा फोर्ब्स और ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 15वें ओवर में तनुजा कंवर ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (36) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सारा फोर्ब्स (41) रनआउट हुई। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने लॉरा डेलेनी (10), ली पॉल (15) को आउट किया। आर्लीन केली (दो), जॉर्जिना





डेम्पसी (शून्य) पर रनआउट हुई। 31वें ओवर में अवा कैनिंग (दो) नौवें विकेट के रूप में आउट हुई। दीप्ति शर्मा ने 32वें ओवर की चौथी गेंद पर फ्रेया सार्जेंट (एक) को आउट कर आयरलैंड की पारी 131 के स्कोर पर अंत कर दिया।

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 27 रन देकर तीन विकेट लिये। तनुजा कंवर को दो विकेट मिले। तितास साधु, सायली सातघरे और मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड 233 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने स्मृति मंधाना को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई।

मंधाना ने 80 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (135)रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने मात्र 70 गेंदों में अपना 10वां एकदिवसीय शतक भी पूरा किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऋचा घोष ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। 39वें ओवर में आर्लीन केली ने ऋचा घोष को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। ऋचा घोष ने 42 गेदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से (59) रन बनाये। दोहरे शतक की ओर बढ़ रही प्रतिका रावल को 44वें ओवर में फ्रेया सार्जेंट ने डेम्पसी के हाथों कैच आउट कराया। प्रतिका रावल ने 129 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (154) रन बनाये। रावल तीसरी ऐसी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने 150 के आंकड़े का पार किया है।

तेजल हसबनिस (28), हरलीन देओल (15)रन बनाकर आउट हुई। दीप्ति शर्मा (11) और जेमिमा रॉड्रिग्स (चार) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजों ने आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 435 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। महिला एकदिवसीय मैच में अब तक यह चौथा सबसे बड़ा स्कोर है।

## श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 1-0 से हराया

रांची, 15 जनवरी। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ 1-0 से मामूली अंतर से जीत दर्ज की। आज यहां रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में कैथरीन मुलान (23') ने दूसरे क्वार्टर में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद बंगाल टाइगर्स ने बढ़त को कायम रखने के लिए जी-जान से संघर्ष किया। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने पहले क्वार्टर में पांच मिनट शेष रहते दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन ठोस ओहैनलॉन ने शानदार बचाव करते हुए दिल्ली के प्रयास विफल कर दिये। टाइगर्स ने क्वार्टर के आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन गोल करने में विफल रहे। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन स्टेफनी डी ग्रूफ के शॉट को ग्रेस ओहैनलॉन ने फिर से रोक दिया। पाइपर्स ने तीसरे क्वार्टर में अपनी गति और बढ़ा दी, जिसमें नवनीत कौर ने ओपन प्ले और पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने का प्रयास किया लेकिन वह अंतिम समय तक गोल करने में विफल रहीं। इस दौरान आक्रामक और रक्षात्मक खेल के बीच श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 1-0 की मामूली बढ़त को बनाये रखते हुए मुकाबला जीत लिया।

# ‘अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय को हर माह 11 व 26 को प्रगति रिपोर्ट दें’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने ऊर्जा विभाग के एमओयू की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत ऊर्जा विभाग द्वारा हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।*

- **मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य में आये हर निवेशक को निवेश करने में किसी तरह की समस्या नहीं आनी चाहिये। यदि ऐसे प्रकरण सामने आते हैं तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जायेगी।**
- **अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, आलोक ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से ऊर्जा विभाग द्वारा किये गये एमओयू की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दी।**

जयपुर, 15 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में, राइजिंग राजस्थान के तहत ऊर्जा क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू किए गए हैं, जिससे राज्य में ऊर्जा सुदृढ़ीकरण को गति मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के लिए हुए इन विभिन्न एमओयू को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत ऊर्जा विभाग द्वारा हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को इन प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में आए प्रत्येक निवेशक को राज्य में निवेश करने के लिए किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। यदि ऐसे प्रकरण सामने आते हैं तो इसके लिए संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग द्वारा किए गए प्रत्येक एमओयू की समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिमाह राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक की जाए, जिससे राज्य में विद्युत सुदृढ़ीकरण के काम में तेजी आ सके। साथ ही, मुख्यमंत्री कार्यालय को हर माह 11 व 26 तारीख को इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी इन निवेशों के माध्यम से राज्य की राजस्व आय में बढ़ोतरी के लिए प्रयास करें।

शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में भी ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) प्रोजेक्ट, आरई पार्क, हाइब्रिड प्रोजेक्ट ट्रांसमिशन, सीएनजी, विंड प्रोजेक्ट, थर्मल प्रोजेक्ट सहित विभिन्न सेक्टर्स में एमओयू हुए हैं। उन्होंने इन सेक्टर्स में हुए प्रत्येक एमओयू के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए, जिससे सभी निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरें तथा आमजन को इनका लाभ मिले।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ऊर्जा विभाग द्वारा किए गए एमओयू की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दी। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रवेश वर्मा, नरेश बिधूड़ी ने पर्चा भरा

नयी दिल्ली, 15 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी और विजेंद्र गुप्ता सहित पार्टी के 13 उम्मीदवारों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल किये।

वर्मा के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और नयी दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज मौजूद थीं। वर्मा ने नामांकन दाखिल करने से पहले रोड शो किया। इससे पहले वर्मा ने गौरी शंकर मंदिर, वाल्मीकि मंदिर और हनुमान मंदिर सहित कई मंदिरों में पूजा-अर्चना भी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उनके प्रतिद्वंद्वी केजरीवाल चुनाव हारने जा रहे हैं और भाजपा आठ फरवरी को सरकार बनायेगी। वहीं, बिधूड़ी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मौजूद रहे। बिधूड़ी ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा, यहां कोई लड़ाई नहीं है। यहां सत्ता विरोधी लहर है और लोगों ने आतिशी को विदाई दे दी है।

- **भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जय पांडा, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी व सांसद बांसुरी स्वराज नामांकन के समय मौजूद थे।**

## ‘मेरी लड़ाई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा कि उनकी लड़ाई भाजपा, आरएसएस तथा उस तरीके के खिलाफ है, जिस तरीके से सरकार के सभी अंगों पर भाजपा और आरएसएस द्वारा नियंत्रण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई इंडियन स्टेट के खिलाफ है। भाजपा, राहुल की इस टिप्पणी पर फूली नहीं समा रही है ताकि राहुल गांधी को राष्ट्र-विरोधी और देशद्रोही के रूप में चित्रित कर रही है।

यह बहस टीवी चैनलों पर बड़ा रूप ले सकती है तथा भाजपा के राजनेता राहुल गांधी को पटखनी देने की कोशिश कर सकते हैं।

# ट्रेनी एसआई के वेतन रोकने को लेकर प्रार्थना पत्र पेश

## आवेदन में बताया गया है कि एसआई भर्तियों को 26,500 रुपए मासिक का भुगतान किया जा रहा है

- **आवेदन में कहा गया है कि लोक प्रशासन में ''नो-वर्क, नो-पे'' का नियम स्थापित है, जिसके तहत किसी भी अधिकारी को निलंबन पर या किसी भी प्रशासनिक आदेश या किसी अन्य कारणवश ड्यूटी से वंचित रखा जाये तो उसे वेतन नहीं मिलना चाहिये।**

जयपुर, 15 जनवरी। एसआई भर्ती-2021 के ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों को फील्ड से वापस बुलाने के बाद, अब मामले के याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर अदालत की ओर से पूर्व में दिए आदेश को स्पष्ट करते हुए उनका वेतन रोकने की गुहार की है। याचिकाकर्ता कैलाश चंद शर्मा की ओर से दायर इस प्रार्थना पत्र पर अदालत 22 जनवरी को सुनवाई करेगी।

इस मामले में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने याचिकाकर्ता की ओर से आवेदन दायर किया है, जिसमें उन्होंने अदालत को कहा है कि हाईकोर्ट के 9 जनवरी के आदेश के बाद डी.जी. ने 10 जनवरी को आदेश जारी किये थे, जिनके तहत एस.आई. और प्लाटून कमांडरों की ट्रेनिंग रोक दी गई थी और आदेश दिये गये थे कि वे अपने प्लाटून के हैड क्वार्टर या जिला हैड क्वार्टर में स्थित रहें और ट्रेनिंग न करें। आवेदन में कहा गया है कि अदालत ने एस.आई. की ट्रेनिंग पर तो रोक लगाई है, पर वेतन भत्ते पर रोक नहीं लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि लोक प्रशासन में ''नो-वर्क, नो-पे'' (काम नहीं तो वेतन नहीं) का नियम स्थापित है, जिसके तहत किसी भी अधिकारी को निलंबन पर या किसी भी प्रशासनिक आदेश या किसी अन्य कारणवश ड्यूटी से वंचित रखा जाये तो उसे वेतन नहीं मिलना चाहिये।

आवेदन में बताया गया है कि एस.आई. भर्तियों को 26,500 रुपए मासिक का भुगतान किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में गुहार की गई है कि अदालत की ओर से पूर्व में दिए आदेश को स्पष्ट किया जाए कि यदि इन अधिकारियों को किसी भी तरह का वेतन या मानदेय दिया गया तो उसे अदालती आदेश की अवमानना माना जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने गत सुनवाई पर हाईकोर्ट को अवगत कराया था कि फिलहाल मामले में कार्रवाई चल रही है। ऐसे में अभी भर्ती को रद्द करने या नहीं करने के संबंध में निर्णय नहीं लिया जा सकता। इसके अलावा, राज्य सरकार ने यह भी कहा था कि भर्ती रद्द करने को लेकर दी गई राय को सरकार मानने के लिए बाध्य नहीं है। वहीं, अदालत ने केन्द्र सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राज दीपक रस्तोगी को न्यायमित्र नियुक्त किया था।

## 24, अकबर रोड, से कांग्रेस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वर्तमान कार्यालय, 24 अकबर रोड को खाली नहीं करेगी। कांग्रेस (आई) बनने के बाद, 1978 से ही यह भवन पार्टी का मुख्यालय रहा है। अब इसे पार्टी के किसी प्रकोष्ठ का कार्यालय बना दिया जायेगा।

एआईसीसी के इस नये मुख्यालय में कई सालों का विलम्ब हो गया, क्योंकि केन्द्र में कांग्रेस के सत्ता से हट जाने के बाद से ही, पार्टी के पास ''पैसे की कमी'' हो गई थी।

भाजपा ने भी दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित नये पार्टी मुख्यालय में शिफ्ट होने के बाद भी 11, अशोक पर स्थित अपना पुराना पार्टी मुख्यालय खाली नहीं किया है।

कांग्रेस के पुराने तथा नये नेता इस बात पर एकमत हैं कि पार्टी के मुख्यालय के लिये बड़ी जगह तथा आधुनिक सुविधाएं इस समय का आवश्यकता हैं। लेकिन 24, अकबर रोड के पते से जुड़ा हुआ खुला इतिहास और भावनात्मक जुड़ाव तो सदैव बना रहेगा।

अकबर रोड के इस बँगले में कभी सर आर. मैक्सवैल रहा करते थे, जो वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो की एग्ज़ीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य थे। इस भवन में 1961 में आंग सान सू की भी रही हैं, जो तब किशोरी थीं, उनकी माँ भारत में म्यांमार की राजदूत नियुक्त हुई थीं।

लेकिन यह भवन कांग्रेस का मुख्य ठिकाना रहा है।

यह केवल पार्टी का मुख्यालय ही नहीं, इससे अधिक भी बहुत कुछ रहा है। इसके परिसर के विस्तृत लॉन सात कांग्रेस अध्यक्षों के कार्यकालों के साथी रहे हैं।

# महाकुंभ में स्नान करने वालों की संख्या 5.15 करोड़ पहुँची

प्रयागराज, 15 जनवरी। महाकुंभ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बन रहा है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बावजूद श्रद्धालु मां गंगा में डुबकी लगा रहे हैं।

राज्य सरकार के मुताबिक अब तक 5.15 करोड़ लोग महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी जानकारी गूगल पर मुहैया कराई गई है। आम लोगों की सुविधा के लिए कई स्पेशल बसें भी चलाई गई हैं।

- **हाड़ कंपाने वाली सर्दी के बीच तीसरे दिन श्रद्धालुओं का उत्साह देखने योग्य था**
- **महाकुंभ के लिये संगम के तट पर 41 घाट तैयार किये गये हैं, जिनमें से 10 घाट पक्के और 31 अस्थायी हैं।**

पौष पूर्णिमा पर आरंभ हुआ महाकुंभ 144 वर्ष बाद आने वाला महापर्व है। महाकुंभ के लिए संगम के तट पर 41 घाट तैयार किए गए हैं, जिनमें 10 घाट पक्के हैं और बाकी 31 अस्थायी हैं। सरकार को उम्मीद है कि इस बार महाकुंभ में करीब 45 करोड़ श्रद्धालु पहुंचेंगे। भक्त भारत से ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के कोने-कोने से पधार रहे हैं।

## हाई कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सहित दर्जनों अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। याचिका में कहा गया कि घटना के समय याचिकाकर्ता पुलिस अभिरक्षा में था। ऐसे में वह लोगों को कैसे उकसा सकता है। इसके अलावा, प्रकरण में 18 आरोपियों की टोंक के सेशन कोर्ट से जमानत अर्जी मंजूर हो चुकी है, जबकि हाईकोर्ट ने भी करीब 40 आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता पर करीब दो दर्जन केस हैं। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि उसके खिलाफ दर्ज 11 मामले तय हो चुके हैं और अन्य लंबित मामले प्रदर्शन को लेकर हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद, अदालत ने मामले में केस डायरी तलब करते हुए मामले की सुनवाई एक सप्ताह बाद तय की है। गौरतलब है कि गत 13 नवंबर को देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव के दौरान निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम से मारपीट की थी। नरेश मीणा को हिरासत में लेने के दौरान उसके समर्थकों ने प्रदर्शन और आगजनी की थी। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

## सीएजी रिपोर्ट के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फिर भी, जनभावना को नज़र अंदाज़ नहीं किया जा सकता। केजरीवाल राजनीति में अपना अस्तित्व बचाने के लिए मतदाताओं को अपनी विश्वसनीयता का विश्वास दिलाने पर निर्भर करते हैं, विशेषरूप से इस समय, जब चुनाव सिर पर हैं।

आप का गवरनैंस मॉडल और कल्याणकारी योजनाएं, जिनमें मुफ्त पानी और बिजली शामिल है, के कारण पार्टी को बहुत समर्थन मिला है। लेकिन, चुनौतियाँ फिर भी हैं। आप के ऊपर ''शीश महल'' और शराब घोटाला जैसे भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं, जिससे पार्टी की छवि को धक्का लगा है। साथ ही, दो कार्यकाल सत्ता में रहने के बाद प्रशासन विरोधी भावना भी है।

जहाँ तक भाजपा का सवाल है, पार्टी ने गत छः विधानसभा चुनावों में अपना वोट शेयर एक समान रखा है, 30 प्रतिशत के ऊपर। बूथ स्तर पर तथा सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी संगठनात्मक रूप से मजबूत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनाव अभियान में सक्रियता तथा आप के विरूद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों पर फोकस, भाजपा की रणनीति का मुख्य हिस्सा हैं।

दूसरी तरफ, स्थिर वोट शेयर के बावजूद 27 सालों तक भाजपा दिल्ली में सत्ता से दूर रही है। मुख्यमंत्री पद के लिए एक प्रमुख व्यक्ति का अभाव तथा आप की लोकप्रिय कल्याणकारी योजनाओं का जवाब देना भाजपा के लिए मुख्य बाधाएं हैं।

कांग्रेस के लिए, पार्टी की ऐतिहासिक विरासत तथा स्वर्गीय शीला दीक्षित के काल में पार्टी की गवर्नैन्स को उसकी ताकत के रूप में देखा जाता है।

लेकिन वास्तविकता यह है कि पार्टी के वोट शेयर में कमी आई है, खासकर आप के उदय के बाद और वर्तमान चुनावों में पार्टी के पास कोई करिश्माई नेता भी नहीं है। इसका संगठनात्मक ढांचा साल दर साल कमज़ोर हुआ है, इसके कई नेता भाजपा और आप में चले गए हैं।

## मनीष सिसोदिया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लोग सो रहे थे या उनके साथ पार्टी कर रहे थे? भाजपा वाले कहां थे?

सत्येंद्र जैन ने नामांकन से पहले सांसद संजय सिंह और पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के साथ रोड शो किया।

# पंजाब सरकार के डल्लेवाल के स्वास्थ्य सुधार के दावे पर सुप्रीम कोर्ट नाराज़

## सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 50 दिन से अनशन कर रहे व्यक्ति के स्वास्थ्य मापदंड में कैसे सुधार हुआ

- **कोर्ट ने किसान नेता की स्वास्थ्य रिपोर्ट का पूरा सैट मांगा। पंजाब के मुख्य सचिव को जाँच रिपोर्ट कोर्ट रजिस्ट्रार के पास जमा कराने के निर्देश दिये।**

नयी दिल्ली, 15 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने करीब 50 दिनों से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के स्वास्थ्य मापदंडों में ‘सुधार’ के पंजाब सरकार के दावे पर बुधवार को नाराजगी जताई और एम्स से राय लेने के लिए उनकी (डल्लेवाल) स्वास्थ्य रिपोर्ट की एक प्रति पेश करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार के दावे पर आश्चर्य जताया कि करीब 50 दिनों से अनशन कर रहे व्यक्ति के स्वास्थ्य मापदंडों में कैसे सुधार हुआ।

पीठ ने पंजाब सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से पूछा, ऐसा कैसे हो सकता है, एक तरफ आप कह रहे हैं कि आपके डॉक्टर वहां (धरना स्थल पर) मौजूद है, हम जानना चाहते हैं कि मापदंडों (स्वास्थ्य) में कैसे सुधार हो रहा है।

पीठ की ओर से यह कहने पर कि ‘वह (डल्लेवाल) 49 दिनों से अनशन कर रहे हैं, उनके स्वास्थ्य मापदंडों में कैसे सुधार हो रहा है’, सिब्बल ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य संबंधी मापदंड स्थिर हैं और उनमें सुधार नहीं हो रहा है। पीठ ने उनसे कहा, पिछली बार जब आपने हमें चार्ट दिया था तो आपका दावा था कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है, पीठ को बताया गया कि पंजाब सरकार ने डल्लेवाल की व्यापक चिकित्सा जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। पीठ ने सिब्बल से आगे पूछा, तो, आपके अनुसार, 24 दिसंबर, 2024 को प्लेटलेट्स (जो 2,22,000 थे), अब सुधर कर 2,54,000 हो गए हैं।

पीठ ने किसान नेता की स्वास्थ्य रिपोर्ट का पूरा सैट मांगा। पीठ ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को डल्लेवाल की जांच रिपोर्ट शीर्ष अदालत की रजिस्ट्रार के पास जमा कराने का निर्देश दिया।

पीठ ने शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि वे मेडिकल बोर्ड से डल्लेवाल की जांच रिपोर्ट पर राय लेने के लिए एम्स निदेशक को रिपोर्ट भेजें।

शीर्ष अदालत ने दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में तीन तारीखों पर लिए गए डल्लेवाल के खून के नमूनों के आधार पर जांच के तुलनात्मक चार्ट का हवाला दिया।

पीठ ने अपने आदेश में मुख्य सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों का पूरा सेट सौंपने ताकि, एम्स (दिल्ली) को मेडिकल बोर्ड से डल्लेवाल की चिकित्सा/स्वास्थ्य स्थिति पर राय लेने के लिए कहा जा सके।

## जैसलमेर में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पक्षियों के विसरा को जांच के लिए भोपाल (मध्य प्रदेश) स्थित निषाद लैब भेजा गया था। बुधवार को आई रिपोर्ट में मौत का कारण बर्ड फ्लू बताया गया है।

# मायावती के खिलाफ 15 साल पुरानी याचिका पर सुनवाई बंद

- **सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी खजाने से चुनाव चिन्ह हाथी की मूर्तियाँ बनवाने की जनहित याचिका का निपटारा किया।**

नयी दिल्ली, 15 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने बसपा सुप्रीमो मायावती को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री रहते हुए सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये खर्च कर अपनी और अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथी की मूर्तियां बनवाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका का सुप्रीम कोर्ट ने निपटारा किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने मायावती के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई बंद कर दी। पन्द्रह साल पहले दायर इस याचिका को पुराना मामला मानते हुए सुनवाई समाप्त कर दी गई। वकील रविकांत ने 2009 में यह याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि जनता के पैसों का दुरुपयोग करने के कारण बहुजन समाज पार्टी से वह धन वसूला जाए। इसके अलावा याचिका में यह भी कहा गया था कि जनता के पैसे से पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथी की मूर्तियां पार्क में बनवाना गलत है और सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को बसपा का चुनाव चिन्ह जब्त करने का आदेश दे।

उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने 2007 से 2012 तक अपने शासनकाल के दौरान लखनऊ और नोएडा में दो बड़े पार्कों का निर्माण करवाया था। पार्कों में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, बीएसपी के संस्थापक कांशीराम, पार्टी के चुनावी चिन्ह हाथी और खुद की कई मूर्तियां स्थापित की गई थीं। ये मूर्तियां पत्थर और कांसे से बनाई गई थीं। रिपोर्ट के मुताबिक इन परियोजनाओं में करीब उस समय करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे। इस कार्य के लिए मायावती अपने विरोधियों के निशाने पर भी रहीं। उनके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने सायबर अपराध की जनहित याचिका पर केन्द्र से जवाब मांगा

नयी दिल्ली, 15 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बढ़ते सायबर अपराधों को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन सर्विस को लागू करने के लिए ट्राई (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) को निर्देश देने की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा कि हम जानते हैं कि सायबर अपराध बड़ा मुद्दा है। बढ़ते सायबर अपराधों को लेकर याचिका बेंगलुरु निवासी गौरीशंकर एस ने दाखिल की है। याचिका में साइबर अपराध के बढ़ते खतरे और अनचाहे कॉल की समस्या का जिक्र किया गया है। सीजेआई संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा, हम समझते हैं कि समस्या है, केंद्र को जवाब देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टेलीकॉम नेटवर्क ऑपरेटरों को सीएनएपी (कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन सर्विस) को लागू करने के निर्देश देने के लिए जनहित याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में भारत में सायबर अपराध धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे और नागरिकों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों और अन्य एजेंसियों जैसे आरबीआई, वाणिज्यिक बैंकों आदि पर पड़ने वाले इसके प्रभाव को बताया गया है।कहा गया है कि भारत में सायबर अपराध खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, जिससे लोगों को भारी वित्तीय नुकसान और परेशानी हो रही है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने सायबर अपराध को गंभीर समस्या माना, जिससे लोगों को भारी वित्तीय नुकसान और परेशानी हो रही है।**

# सात अमेरिकी कंपनियों पर चीन ने प्रतिबंध लगाया

## चीन ने यह कदम ताइवान क्षेत्र में हथियार बेचने के कारण उठाया है

- **इन कंपनियों पर चीन से संबंधित आयात व निर्यात गतिविधियों में शामिल होने तथा नया निवेश करने पर रोक रहेगी। इन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी भी चीन में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।**

बीजिंग, 15 जनवरी। चीन के ताइवान क्षेत्र को हथियार बेचने के लिए सात अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय इकाई सूची में डालकर इन कंपनियों की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय (एमओसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय अविश्वसनीय इकाई सूची कार्य तंत्र की ओर से कानूनों और विनियमों के अनुसार लिया गया है तथा साथ ही, इन अमेरिकी कंपनियों पर कुछ प्रतिबंधक उपायों का भी खुलासा किया गया है, जिन्हें लागू किया जाएगा।

प्रतिबंधित कंपनियां इंटर-कोस्टल इलेक्ट्रॉनिक्स, सिस्टम स्टडीज एंड सिमुलेशन, आयरनमाउंटेन सॉल्यूशंस, एप्लाइड टेक्नोलॉजीज ग्रुप, एक्सिएंट, एंडुरिल इंडस्ट्रीज और मैरीटाइम टैक्टिकल सिस्टम हैं।

मंत्रालय के अनुसार, इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात या निर्यात गतिविधियों में शामिल होने और चीन के भीतर नए निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है।

मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि इन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को चीन में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और चीन में उनके मौजूदा कार्य परमिट तथा निवास अवधि को रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा, इन व्यक्तियों को कोई नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा।

सूची में सात कंपनियों को शामिल करने के बारे में मीडिया की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में, मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका हाल ही में चीन के ताइवान क्षेत्र में लगातार हथियारों की बिक्री में शामिल रहा है, जो एक-चीन सिद्धांत को गंभीर रूप से कमजोर कर रहा है और हथियारों की बिक्री ने अंतरराष्ट्रीय कानून का भी उल्लंघन किया है, जिससे ताइवान क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता पर खतरा पैदा हुआ है।

## ‘गांधी का बयान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रतिष्ठा हादशा, भारत की वास्तविक आज़ादी के दिन के रूप में मनाना चाहिए। इस मंदिर को सदियों से कई हमले झेलने पड़े थे।

भागवत ने कहा कि भारत को अंग्रेजों से राजनैतिक स्वतंत्रता 15 अगस्त, 1947 को मिली तथा इसके बाद, एक विशिष्ट विज़न, जो देश के ''आत्म गौरव'' की चेतना से प्रवाहित होता है, के अनुसार लिखित संविधान तैयार किया गया।

भागवत ने कहा, ''लेकिन उस समय, उस विज़न की भावना के अनुरुप संविधान नहीं चलाया गया।''

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा दिवस ''प्रतिष्ठा द्वादशी'' को भारत की ''वास्तविक, सच्ची स्वतंत्रता'' के रुप में मनाया जाना चाहिये, जिसने सदियों तक शत्रु के आक्रमणों का सामना किया था।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल ने भागवत पर प्रहार करते हुये कहा कि आरएसएस में यह साहस है कि वे हर दो-तीन दिन में राष्ट्र को सूचित करें कि स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में उनके क्या विचार हैं।

''जो कुछ उन्होंने कहा, वह देशद्रोह है क्योंकि उनका कथन बता रहा है कि संविधान अवैध है, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अवैध थी, तथा उनमें, यह सब सार्वजनिक रुप से कहने का साहस है। अन्य किसी देश में वे गिरफ्तार कर लिये गए होते तथा उन पर मुकदमा चलता। यह एक वास्तविकता है।''

नये एआईसीसी मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पहले बोलते हुये, राहुल ने कहा, ''यह कहना कि भारत को 1947 में आज़ादी नहीं मिली, प्रत्येक भारतीय का अपमान है। यह समय है, हमें ऐसी बकवास सुनना बंद कर देना चाहिये, जो ये लोग सोचते हैं और तोते की तरह बोलते रहते हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600